६७. तब उस पुक्कस मल्लपुत्र ने अपने एक अनुचर से कहा— "अरे भाई! जाओ, मेरा सुनहला दुशाला लेते आओ।" "अच्छा, जी!" कहकर उस अनुचर ने वह सुनहरा दुशाला लाकर पुक्कस मल्लपुत्र को दे दिया। तब पुक्कस मल्लपुत्र ने सुनहरा दुशाला भगवान् को भेंट किया और निवेदन किया कि "भन्ते! आप इसे धारण करने की कृपा करें।"

"एवं, भन्ते" ति खो पुक्कुसो मल्लपुत्तो भगवतो पटिस्सुत्वा एकेन भगवन्तं अच्छादेसि, एकेन आयस्मन्तं आनन्दं। अथ खो भगवा पुक्कुसं मल्लपुत्तं धम्मिया कथाय सन्दस्सेसि समादपेसि [N.104] समुत्तेजेसि सम्पहंसेसि। अथ खो पुक्कुसो मल्लपुत्तो भगवता धम्मिया कथाय सन्दस्सितो समादपितो समुत्तेजितो सम्पहंसितो उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि।

[B.111] ६८. अथ खो आयस्मा आनन्दो अचिरपक्कन्ते पुक्कुसे मल्लपुत्ते तं सिङ्गीवण्णं युगमट्ठं धारणीयं भगवतो कायं उपनामेसि। तं भगवतो कायं उपनामितं हतच्चिकं विय खायति। अथ खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"अच्छरियं, भन्ते, अब्भुतं, भन्ते, याव परिसुद्धो, [R.134] भन्ते, तथागतस्स छविवण्णो परियोदातो! इदं, भन्ते, सिङ्गीवण्णं युगमट्ठं धारणीयं भगवतो कायं उपनामितं हतच्चिकं विय खायती" ति।

"एवमेतं, आनन्द, एवमेतं, आनन्द। द्वीसु कालेसु अतिविय तथागतस्स परिसुद्धो कायो होति छविवण्णो परियोदातो। कतमेसु द्वीसु? यं च, आनन्द, रत्तिं तथागतो अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुज्झति, यं च रत्तिं अनुपादिसेसाय निब्बानधातुया परिनिब्बायति—इमेसु खो, आनन्द, द्वीसु कालेसु अतिविय तथागतस्स कायो परिसुद्धो होति छविवण्णो परियोदातो। अज्ज खो पनानन्द, रत्तिया पच्छिमे यामे कुसिनारायं उपवत्तने मल्लानं सालवने अन्तरेन यमकसालानं तथागतस्स परिनिब्बानं भविस्सति। आयामानन्द, येन ककुधा नदी तेनुपसङ्कमिस्सामा" ति।

"एवं,भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि।

"तो, पुक्कस! इनमें से एक मुझे ओढ़ा दे और एक आनन्द को।"

"अच्छा, भन्ते!" कहकर, उस पुक्कस मल्लपुत्र ने उस दुशाले में से एक शाल भगवान् को ओढ़ा दिया और एक आनन्द को। तब भगवान् ने पुक्कस मल्लपुत्र को धार्मिक कथाएँ कहकर धर्म–पालनहेतु समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट किया। इस तरह वह पुक्कस मल्लपुत्र सन्तुष्ट होकर आसन से उठकर भगवान् को प्रणाम–प्रदक्षिणा कर चला गया।

६८. उस पुक्कस मल्लपुत्र के चले जाने के कुछ ही देर बाद, आयुष्मान् आनन्द ने वह अपना शाल भी भगवान् को ओढ़ा दिया। भगवान् के शरीर पर ओढ़ाये जाने के बाद उस सुनहरी शोभा भगवान् के शरीर की शोभा के सामने फीकी (हतच्चिकं) पड़ गयी। (यह देखकर) आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से निवेदन किया— "भन्ते! आश्चर्य है कि इस सुन्दर सुनहरे दुशाले की स्पृहणीय शोभा भी आप के शरीर के छविवर्ण की तुलना में फीकी–सी लग रही है!"

(भगवान् बाले–) "आनन्द! यही बात है, यह जैसा तुम कह रहे हो वैसी ही बात है; क्योंकि तथागत के शरीर की आभा (छविवर्ण) दो ही समय अत्यधिक प्रस्फुटित होती है— १. जब तथागत अद्वितीय सम्यक्सम्बोधि का साक्षात्कार करते हैं, या फिर २. तथागत का जिस रात्रि में महापरिनिर्वाण होता है। आनन्द! इन दो समयों में तथागत का यह शरीर अन्य समय की अपेक्षा अधिक शोभित होता है। आनन्द! आज रात्रि के पिछले पहर में कुशीनारा के उपवर्तन नामक मल्लों के शालवन में दो शालवृक्षों के बीच तथागत का परिनिर्वाण होगा। आओ! आनन्द! जहाँ ककुधा नदी है वहाँ चलें।"

"अच्छा, भन्ते!" कहकर आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् की आज्ञा स्वीकार की।

सिङ्गीवण्णं युगमट्ठं, पुक्कुसो अभिहारयि।
तेन अच्छादितो सत्था, हेमवण्णो असोभथा[१] ति॥

६९. अथ खो भगवा महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं येन ककुधा नदी तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा ककुधं नदिं अज्झोगाहेत्वा न्हत्वा पिवित्वा च पच्चुत्तरित्वा येन अम्बवनं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं चुन्दकं आमन्तेसि—"इङ्घ मे त्वं, चुन्दक, चतुग्गुणं सङ्घाटिं पञ्ञपेहि। किलन्तोस्मि, चुन्दक, निपज्जिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा चुन्दको भगवतो पटिस्सुत्वा चतुग्गुणं सङ्घाटिं पञ्ञपेसि। अथ खो भगवा दक्खिणेन पस्सेन सीहसेय्यं कप्पेसि, पादे पादं अच्चाधाय, सतो सम्पजानो उट्ठानसञ्ञं मनसिकरित्वा। [R.135] आयस्मा पन चुन्दको तत्थेव भगवतो पुरतो निसीदि।

गन्त्वान बुद्धो नदिकं ककुधं, अच्छोदकं सातुदकं विप्पसन्नं। [N.105, B.112]
ओगाहि सत्था अकिलन्तरूपो, तथागतो अप्पटिमो च लोके॥
न्हात्वा पिवित्वा चुदतारि सत्था, पुरक्खतो भिक्खुगणस्स मज्झे।
वत्ता पवत्ता भगवा इध धम्मे, उपागमि अम्बवनं महेसि॥
आमन्तयि चुन्दकं नाम भिक्खुं, चतुग्गुणं सन्थर मे निपज्जं।
सो चोदितो भावितत्तेन चुन्दो, चतुग्गणं सन्थरि खिप्पमेव।
निपज्जि सत्था अकिलन्तरूपो, चुन्दो पि तत्थ पमुखे निसीदी ति॥

पुक्कस मल्लपुत्र ने एक दुशाला भगवान् को अर्पित किया। यह दुशाला ओढ़ने पर भगवान् के शरीर की और भी अधिक सुवर्ण वर्ण वाली कान्ति हो गयी[१]।

६९. तब भगवान् भिक्षुसङ्घ को साथ लेकर वहाँ ककुधा नदी थी वहाँ पधारे। वहाँ जाकर भगवान् ककुधा नदी में उतर कर, स्नान कर, कुछ जल पीकर तब नदी के उस पार जाकर जहाँ आम्रवन था वहाँ पहुँचे। पहुँचकर आयुष्मान् चुन्दक को आज्ञा दी– 'चुन्दक! अब यहाँ मेरी सङ्घाटी चोहरा (चतुर्गुण) करके बिछाओ; क्योंकि मैं थक गया हूँ अतः कुछ देर लेटूँगा।"

"अच्छा, भन्ते!" कहकर आयुष्मान् चुन्दक ने भगवान् के लिये चौहरा कर सङ्घाटी बिछा दी। तब भगवान् पैर पर पैर रख कर, स्मृति–सम्प्रजन्य के साथ मन में उत्थान–संज्ञा करके दाहिनी करवट (पार्श्व) से सिंहशय्या[२] की तरह लेट गये। आयुष्मान् चुन्दक वही भगवान् के सामने बैठ गये।

बुद्ध ने उत्तम, सुन्दर, स्वच्छ जल वाली ककुधा नदी पर जाकर लोक में अद्वितीय उस शास्ता ने अक्लान्त (अपने को कुछ स्वस्थ अनुभव करते हुए) होकर नदी का अवगाहन किया।

वहाँ स्नान, पान कर, चुन्द को आगे कर भिक्षुसङ्घ के बीच धर्म का प्रवचन करने वाले महर्षिसम भगवान् इस आम्रवन में पहुँचे।।

तब भगवान् ने चुन्दक को बुलाकर उसे चौहरा सङ्घाटी बिछाने की आज्ञा दी। उसने सङ्घाटी बिछा दी। भगवान् उस पर लेटे। चुन्द भी सामने बैठ गया।

---

१. यह गाथा बाद में, धर्मसंग्रहाकारों ने यहाँ प्रक्षिप्त कर दी है। मूल पालिपाठ में नहीं थी। — सु०वि०अट्ठकथा।

२. सिंहशय्या— दक्षिण पार्श्व से लेट कर बाँया पैर आधा उठाकर उसके गोड़े पर दाहिने पैर को रखकर दाहिनी भुजा से ग्रीवा को सहारा देते हुए यह आसन लगाया जाता है। सिद्धों का यह अत्यधिक प्रिय आसन है; क्योंकि यह शरीर के लिये अतीव सुखदायी है।

२२. द्वे पिण्डपाता समसमफला

७०. अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"सिया खो पनानन्द, चुन्दस्स कम्मारपुत्तस्स कोचि विप्पटिसारं उप्पादेय्य—'तस्स ते, आवुसो चुन्द, अलाभा, तस्स ते दुल्लद्धं, यस्स ते तथागतो पच्छिमं पिण्डपातं परिभुञ्जित्वा परिनिब्बुतो' ति। चुन्दस्स, आनन्द, कम्मारपुत्तस्स एवं विप्पटिसारो पटिविनेतब्बो—'तस्स ते, आवुसो चुन्द, लाभा, तस्स ते सुलद्धं, यस्स ते तथागतो पच्छिमं पिण्डपातं परिभुञ्जित्वा परिनिब्बुतो। सम्मुखा मेतं, आवुसो चुन्द, भगवतो सुतं सम्मुखा पटिग्गहितं—

[R.136] 'द्वेमे पिण्डपाता समसमफला समविपाका अतिविय अञ्ञेहि पिण्डपातेहि महप्फलतरा च महानिसंसतरा च। कतमे द्वे? यं च पिण्डपातं परिभुञ्जित्वा तथागतो अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं [B.113] अभिसम्बुज्झति, यं च पिण्डपातं परिभुञ्जित्वा तथागतो अनुपादिसेसाय निब्बानधातुया परिनिब्बायति—इमे द्वे पिण्डपाता समसमफला समविपाका अतिविय अञ्ञेहि पिण्डपातेहि [N.106] महप्फलतरा च महानिसंसतरा च। आयुसंवत्तनिकं आयस्मता चुन्देन कम्मारपुत्तेन कम्मं उपचितं, वण्णसंवत्तनिकं आयस्मता चुन्देन कम्मारपुत्तेन कम्मं उपचितं, सुखसंवत्तनिकं आयस्मता चुन्देन कम्मारपुत्तेन कम्मं उपचितं, यससंवत्तनिकं आयस्मता चुन्देन कम्मारपुत्तेन कम्मं उपचितं, सग्गसंवत्तनिकं आयस्मता चुन्देन कम्मारपुत्तेन कम्मं उपचितं, आधिपतेय्यसंवत्तनिकं आयस्मता चुन्देन कम्मारपुत्तेन कम्मं उपचितं' ति।

"चुन्दस्स, आनन्द, कम्मारपुत्तस्स एवं विप्पटिसारो पटिविनेतब्बो" ति।

अथ खो भगवा एतमत्थं विदित्वा तायं वेलायं इमं उदानं उदानेसि—

---

२२. समान फल वाली दो भिक्षाएँ

७०. तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से कहना प्रारम्भ किया— "हो सकता है आनन्द! कि चुन्द कर्मारपुत्र के मन में यह सन्देह उत्पन्न हो और वह पश्चात्ताप करने लगे— 'ओह! मुझसे कितना बड़ा पाप हो गया, मैंने कितना बड़ा दुष्कर्म कर डाला कि भगवान् मेरे द्वारा कराये भोजन से परिनिर्वाण (देहपात) को प्राप्त हो गये।' आनन्द! चुन्द कर्मारपुत्त का यह सन्देह यह पश्चात्ताप मिटना चाहिये। इसके लिये (तुम्हें) उसको बताना चाहिये— 'चुन्द! तुमने तो पुण्य कमाया है, तुम्हें तो अत्यधिक पुण्यलाभ ही हुआ है; क्योंकि तुम्हारे द्वारा दिया गया भोजन करके ही तथागत परिनिर्वाण को प्राप्त हुए। आयुष्मन् चुन्द! मैंने स्वयं भगवान् को यह कहते हुए सुना है और भगवान् के कहने से ही मैंने इसे ग्रहण किया है कि—

'ये दो पिण्डपात (भोजन) समान फल वाले एवं समान विपाक (परिणाम) वाले, दूसरे पिण्डपातों की अपेक्षा अत्यधिक फलप्रद एवं अधिक माहात्म्य वाले होते हैं। कौन से दो? पहला वह पिण्डपात जिसे खाकर तथागत अद्वितीय सम्यक्सम्बोधि (परमज्ञान) का साक्षात्कार करते हैं; और दूसरा वह जिसे खाकर तथागत महापरिनिर्वाण प्राप्त करते हैं। अतः ये दोनों पिण्डपात समान फलवाले ....अधिक माहात्म्य वाले होते हैं। चुन्द कर्मारपुत्र ने अपने लिये आयु बढ़ाने वाले सत्कर्म का सञ्चय किया है। ....वर्ण बढ़ाने वाले....सुख....यश.... स्वर्ग का सुख.... लोक का आधिपत्य (स्वामित्व) प्राप्त कराने वाले सत्कर्म का संचय किया है।'

"आनन्द! चुन्द कर्मारपुत्र का वह सन्देह या पश्चात्ताप यह कहकर मिटाना चाहिये।"

तब भगवान् ने इस विषय की गम्भीरता समझते हुए, उसी समय अपना यह स्वाभाविक हृदयोद्गार प्रकट किया—

"ददतो पुञ्ञं पवड्ढति, संयमतो वेरं न चीयति।
कुसलो च जहाति पापकं, रागदोसमोहक्खया सनिब्बुतो" ति॥

चतुत्थभाणवारो॥

२३. परिनिब्बानमञ्चनिपन्नो भगवा

७१. अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"आयामानन्द, येन [R.137] हिरञ्ञवतिया नदिया पारिमं तीरं येन कुसिनारा उपवत्तनं मल्लानं सालवनं तेनुपसङ्कमिस्सामा" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो भगवा महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं येन हिरञ्ञवतिया नदिया पारिमं तीरं येन कुसिनारा उपवत्तनं मल्लानं सालवनं तेनुपसङ्कमि, उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"इङ्घ मे त्वं, आनन्द, अन्तरेन यमकसालानं उत्तरसीसकं मञ्चकं पञ्ञपेहि। किलमन्तोस्मि, आनन्द, निपज्जिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पटिस्सुत्वा अन्तरेन यमकसालानं उत्तरसीसकं मञ्चकं पञ्ञपेसि। अथ खो भगवा दक्खिणेन पस्सेन सीहसेय्यं कप्पेसि, पादे पादं अच्चाधाय, सतो सम्पजानो।

तेन खो पन समयेन यमकसाला सब्बफालिफुल्ला होन्ति अकालपुप्फेहि। ते [B.114] तथागतस्स सरीरं ओकिरन्ति अज्झोकिरन्ति अभिप्पकिरन्ति तथागतस्स पूजाय। दिब्बानि पि मन्दारवपुप्फानि अन्तलिक्खा पपतन्ति। तानि तथागतस्स सरीरं ओकिरन्ति अज्झो-[N.107] किरन्ति अभिप्पकिरन्ति तथागतस्स पूजाय। दिब्बानि पि चन्दनचुण्णानि अन्तलिक्खा पपतन्ति। तानि तथागतस्स सरीरं ओकिरन्ति अज्झोकिरन्ति अभिप्पकिरन्ति तथागतस्स पूजाय। [R.138]

"(दान) देने वाले का पुण्य बढ़ता है और इन्द्रियसंयम से वैर नहीं संगृहीत नहीं होता। कुशल (सत्कर्म) करने में चतुर आदमी पापकर्मों को छोड़े रहता है। और (वह अपने) राग–द्वेष–मोह को क्षीण कर (अन्त में) निर्वाण को पा लेता है।।

चतुर्थ भाणवार समाप्त।।

२३. भगवान् के जीवन का अन्तिम समय=परिनिर्वाणमञ्च

७१. तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से कहा– 'आओ! आनन्द! इस हिरण्यवती नदी के उस पार जहाँ कुसीनारा के मल्लों का शालवन उपवन है वहाँ चलें।'' ''अच्छा, भन्ते!'' कहकर आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् की आज्ञा शिरोधार्य की। तब भगवान् उस बृहत् भिक्षुसङ्घ के साथ, जहाँ हिरण्यवती नदी के उस किनारे पर कुसीनारा मल्लों का शालवन उपवत्तन था, वहाँ गये। जाकर आयुष्मान् आनन्द से यों बाले– ''आनन्द! इन जुड़वाँ शालवृक्षों के बीच में मेरे लिये उत्तर की तरफ सिरहाना कर शयन हेतु मञ्च बना दे। थका हूँ, आनन्द, लेटूँगा।'' ''अच्छा, भन्ते''– कहकर उन दानों जुड़वाँ शालवृक्षों के बीच में उत्तर की ओर सिरहाना कर, आनन्द ने, भगवान् के लिये शयन–हेतु मञ्च बना दिया। तब भगवान् उस मञ्च पर सिंहशय्या आसन लगाकर लेट गये।

उस समय वे दोनों शालवृक्ष असमय में ही फूलों से लद गये थे। तथागत की पूजा हेतु उन के फूल तथागत के शरीर पर बिखर रहे थे। ....दिव्य मन्दारपुष्पों की आकाश से वृष्टि हो रही थी। ....दिव्य चन्दनचूर्ण भी आकाश से तथागत के शरीर पर (देवताओं द्वारा) बिखेरा जा रहा था। आकाश में बजते

दिब्बानि पि तूरियानि अन्तलिक्खे वज्जन्ति तथागतस्स पूजाय, दिब्बानि पि सङ्गीतानि अन्तलिक्खे वत्तन्ति तथागतस्स पूजाय।

७२. अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"सब्बफालिफुल्ला खो, आनन्द, यमकसाला अकालपुप्फेहि। ते तथागतस्स सरीरं ओकिरन्ति अज्झोकिरन्ति अभिप्पकिरन्ति तथागतस्स पूजाय। दिब्बानि पि मन्दारवपुप्फानि अन्तलिक्खा पतन्ति। तानि तथागतस्स सरीरं ओकिरन्ति अज्झोकिरन्ति अभिप्पकिरन्ति तथागतस्स पूजाय। दिब्बानि पि चन्दनचुण्णानि अन्तलिक्खा पपतन्ति। तानि तथागतस्स सरीरं ओकिरन्ति अज्झोकिरन्ति अभिप्पकिरन्ति तथागतस्स पूजाय। दिब्बानि पि तूरियानि अन्तलिक्खे वज्जन्ति तथागतस्स पूजाय, दिब्बानि पि सङ्गीतानि अन्तलिक्खे वत्तन्ति तथागतस्स पूजाय। न खो, आनन्द, एत्तावता तथागतो सक्कतो वा होति गरुकतो वा मानितो वा पूजितो वा अपचितो वा। यो खो, आनन्द, भिक्खु वा भिक्खुनी वा उपासको वा उपासिका वा धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो विहरति सामीचिप्पटिपन्नो आनुधम्मचारी, सो तथागतं सक्करोति गरुं करोति मानेति पूजेति अपचियति परमाय पूजाय। तस्मातिहानन्द 'धम्मानुधम्मप्पटिपन्ना विहरिस्साम सामीचिप्पटिपन्ना अनुधम्मचारिनो' ति—एवं हि वो, आनन्द, सिक्खितब्बं" ति।

उपवाणत्थेरं अपसारेसि

७३. तेन खो पन समयेन आयस्मा उपवाणो भगवतो पुरतो ठितो होति भगवन्तं बीजयमानो। अथ खो भगवा आयस्मन्तं उपवाणं अपसारेसि—"अपेहि, भिक्खु, मा मे पुरतो अट्ठासी" ति। अथ खो आयस्मतो आनन्दस्स एतदहोसि—"अयं खो आयस्मा उपवाणो [B.115, R.139] दीघरत्तं भगवतो उपट्ठाको सन्तिकावचरो समीपचारी। अथ च पन भगवा पच्छिमे काले आयस्मन्तं उपवाणं अपसारेति—'अपेहि, भिक्खु, मा मे पुरतो अट्ठासी' ति।

हुए दिव्य तूर्य वाद्यों की सुमधुर ध्वनि सुनायी दे रही थी। और दिव्य, मनोमोहक सङ्गीतों से वहाँ का वायुमण्डल झंकृत हो रहा था।

७२. तब भगवान् ने आनन्द से यों कहा– "आनन्द! ये दोनों शालवृक्ष असमय में फूलों से लद गये हैं जो तथागत की पूजाहेतु तथागत के शरीर पर स्वयं ही बिखर रहे हैं। दिव्य मन्दारव (पारिजातक) फूल भी तथागत के शरीर पर....दिव्य चन्दनचूर्ण.... दिव्यतूर्य (बाद्य).... आकाश में दिव्य सङ्गीत भी तथागत के शरीर की पूजा के अवसर पर, वहाँ की वायुमण्डल झंकृत करने में सहायक हो रहे हैं। (यद्यपि इस तरह के कर्मों से तथागत का लोकोत्तर सम्मान हो रहा है, उनका गौरव बढ़ाया जा रहा है, उन की पूजा व सम्मान बढ़ाया जा रहा है परन्तु) इन सबसे बढ़कर मैं अपना सम्मान, सत्कार, गौरव व पूजा तब अधिक सन्तोषप्रद समझूँगा जब मेरे भिक्षु, भिक्षुणी, उपासक, या उपासिकाएँ मेरे द्वारा उपदिष्ट धर्म का यथाविधि आचरण करेंगे, उसका पालन करेंगे, उसे बढ़ायेंगे। वही मेरी सर्वोत्तम पूजा होगी। इसी से मैं परम सन्तुष्ट होऊँगा। इसलिये, आनन्द! तुम लोग धर्म का यथाविधि आचरण करो, उसका पालन करो और उस धर्म की मर्यादा में चलने वाले बनो– ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये।

उपवाणस्थविर का अपसारण– ७३. उस समय आयुष्मान् उपवाण स्थविर भगवान् के आगे खड़े होकर उन्हें पङ्खा झल रहे थे। तब भगवान् ने उपवाण स्थविर से कहा– "ओ भिक्षु! तूँ यहाँ से दूर हट जा। मेरे सामने न खड़ा रह।" यह सुनकर आयुष्मान् आनन्द को यह विचार हुआ– "ये आयुष्मान् उपवाण तो

को नु खो हेतु, को पच्चयो, यं भगवा आयस्मन्तं उपवाणं अपसारेति—'अपेहि, भिक्खु, मा मे पुरतो अट्ठासी' " ति? अथ खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"अयं, [N.108] भन्ते, आयस्मा उपवाणो दीघरत्तं भगवतो उपट्ठाको सन्तिकावचरो समीपचारी। अथ च पन भगवा पच्छिमे काले आयस्मन्तं उपवाणं अपसारेति—'अपेहि, भिक्खु, मा मे पुरतो अट्ठासी' ति। को नु खो, भन्ते, हेतु, को पच्चयो, यं भगवा आयस्मन्तं उपवाणं अपसारेति—'अपेहि, भिक्खु, मा मे पुरतो अट्ठासी''' ति?

"येभुय्येन, आनन्द, दससु लोकधातूसु देवता सन्निपतिता तथागतं दस्सनाय। यावता, आनन्द, कुसिनारा उपवत्तनं मल्लानं सालवनं समन्ततो द्वादस योजनानि, नत्थि सो पदेसो वालग्गकोटिनितुदनमत्तो पि महेसक्खाहि देवताहि अप्फुटो। देवता, आनन्द, उज्झायन्ति—'दूरा च वतम्ह आगता तथागतं दस्सनाय। कदाचि करहचि तथागता लोके उप्पज्जन्ति अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा। अज्जेव रत्तिया पच्छिमे यामे तथागतस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अयं च महेसक्खो भिक्खु भगवतो पुरतो ठितो ओवारेन्तो। न मयं लभाम पच्छिमे काले तथागतं दस्सनाया' ति!!

७४. "कथम्भूता पन, भन्ते, भगवा देवता मनसिकरोती" ति?

"सन्तानन्द, देवता आकासे पथवीसञ्ञिनियो केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा [R.140] पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बायिस्सति, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बायिस्सति, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरधायिस्सती' ति।

"सन्तानन्द, देवता पथवियं पथवीसञ्ञिनियो केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति, विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बायिस्सति, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बायिस्सति, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरधायिस्सती' ति।

बहुत समय से भगवान् की सेवा में अनुचर रूप में रह रहे थे। आज इनको भगवान् ने यह कैसे कह दिया कि 'उपवाण! यहाँ से दूर हट। मेरे सामने न खड़ा रह। इसमें क्या कारण या क्या प्रत्यय हुआ कि भगवान् ने आयुष्मान् उपवाण को यों झटक दिया?' तब आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से पूछा– "भन्ते! यह आयुष्मान् उपबाण तो बहुत समय से आपकी सेवा में आपके पास अनुचर के रूप में रहते थे। आज क्या कारण हुआ कि आज आपने उनको अपनी सेवा से अचानक अलग कर दिया?"

"आनन्द! अनेक लोकधातुओं से एकत्र होकर, तथागत के दर्शनों के लिये देवतासमूह यहाँ आ रहे हैं। इस समय आनन्द! इस मल्लों के शालवन के चारों और बारह योजन तक सूई की नोक गड़ाने भर को भी ऐसा कोई स्थान नहीं है जहाँ प्रभावशाली देवता न हों। आनन्द! वे देवता परेशान हो रहे हैं– 'हम तथागत के दर्शन हेतु इतने दूर से आये हैं। लोक में तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध कभी कभी तो अवतरित होते हैं। आज की रात्रि के अन्तिम प्रहर में तथागत का परिनिर्वाण होगा और इधर यह महानुभाव स्थविर भिक्षु भगवान् को ढकते हुए उनके सामने खड़ा है, इसलिए हमें तथागत का अन्तिम दर्शन नहीं मिल पा रहा है।"

७४. "भन्ते! उन देवताओं को आप इस समय कैसा देख रहे है?"

"आनन्द! वे देवता आकाश को पृथ्वी समझकर....आनन्द! वे देवता पृथ्वी को पृथ्वी समझकर बाल बिखेर कर रो रहे हैं। बाहु पकड़–पकड़ कर (विवशता से) चिल्ला रहे हैं। कटे वृक्ष की भाँति भूमि

[B.116] "या पन ता देवता वीतरागा ता सता सम्पजाना अधिवासेन्ति—'अनिच्चा सङ्खारा, तं कुतेत्थ लब्भा'" ति।

चत्तारि संवेजनीयट्ठानानि

७५. "पुब्बे, भन्ते, दिसासु वस्सं वुत्था भिक्खू आगच्छन्ति तथागतं दस्सनाय। ते मयं लभाम मनोभावनीये भिक्खू दस्सनाय, लभाम पयिरुपासनाय। भगवतो पन मयं, भन्ते, अच्चयेन न लभिस्साम मनोभावनीये भिक्खू दस्सनाय न लभिस्साम पयिरुपासनाया" ति। [N.109] "चत्तारिमानि, आनन्द, सद्धस्स कुलपुत्तस्स दस्सनीयानि संवेजनीयानि ठानानि। कतमानि चत्तारि? (१) इध तथागतो जातो ति, आनन्द, सद्धस्स कुलपुत्तस्स दस्सनीयं संवेजनीयं ठानं। (२) इध तथागतो अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति, आनन्द, सद्धस्स कुलपुत्तस्स दस्सनीयं संवेजनीयं ठानं। (३) इध तथागतेन अनुत्तरं धम्मचक्कं पवत्तितं ति, आनन्द, सद्धस्स कुलपुत्तस्स दस्सनीयं संवेजनीयं ठानं। (४) इध तथागतो अनुपादिसेसाय निब्बानधातुया परिनिब्बुतो ति, आनन्द, सद्धस्स कुलपुत्तस्स दस्सनीयं संवेजनीयं ठानं। इमानि [R.141] खो, आनन्द, चत्तारि सद्धस्स कुलपुत्तस्स दस्सनीयानि संवेजनीयानि ठानानि।

"आगमिस्सन्ति खो, आनन्द, सद्धा भिक्खू भिक्खुनियो उपासका उपासिकायो—इध तथागतो जातो ति पि, इध तथागतो अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो ति पि, इध तथागतेन अनुत्तरं धम्मचक्कं पवत्तितं ति पि, इध तथागतो अनुपादिसेसाय निब्बानधातुया परिनिब्बुतो ति पि। ये हि केचि, आनन्द, चेतियचारिकं आहिण्डन्ता पसन्नचित्ता कालं करिस्सन्ति, सब्बे ते कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जिस्सन्ती" ति।

पर गिर रहे हैं और यह कहते कहते लोट-पोट हो रहे हैं- 'बहुत जल्दी भगवान् निर्वाण को प्राप्त हो रहे हैं। बहुत शीघ्र सुगत निर्वाण को प्राप्त हो रहे हैं। बहुत शीघ्र चक्षुष्मान् बुद्ध लोक से अन्तर्हित हो रहे हैं।'

"और जो देवता कुछ सचेत (संज्ञावान्) हैं, वीतराग हैं, वे स्मृतिसम्प्रजन्य के साथ इस कष्ट को यह सोचकर सह रहे हैं- 'सभी संस्कृत पदार्थ अनित्य हैं, उनका निरन्तर मिलना असम्भव है।'

चार संवेजनीय (वैराग्यप्रद) स्थान

७५. "भन्ते! पहले सभी दिशाओं से वर्षावास (चातुर्मास्य व्रत) पूर्णकर भिक्षु भगवान् के दर्शनार्थ आते रहते थे। उन मनोभावनीय भिक्षुओं का दर्शन और सत्सङ्ग हम लोगों को भी मिलता रहता था। अब भन्ते! भगवान् के बाद हमें उन मनोभावनीय भिक्षुओं का दर्शन कैसे मिलेगा?"

"आनन्द! श्रद्धालु कुलपुत्र के लिये ये चार संवेजनीय (वैराग्यबोधक) स्थान हैं। कौन से चार? (१) 'यहाँ तथागत उत्पन्न हुए'- आनन्द! श्रद्धालु कुलपुत्र के लिये यह दर्शनीय एवं संवेजनीय स्थान है। (२) 'यहाँ तथागत ने सम्बोधि प्राप्त की'- आनन्द! श्रद्धालु कुलपुत्र के लिये यह दर्शनीय एवं संवेजनीय स्थान है। (३) 'यहाँ तथागत ने धर्मचक्रप्रवर्तन (प्रथम धर्मोपदेश) किया'- यह श्रद्धालु....स्थान है। (४) 'यहाँ तथागत ने भव में आवागमन रहित (अनुपाधि शेष) निर्वाण प्राप्त किया-यह श्रद्धालु....स्थान है। आनन्द! यह चार स्थान श्रद्धालु कुलपुत्र के लिये दर्शनीय एवं संवेजनीय स्थान है।

"आनन्द! 'तथागत यहाँ उत्पन्न हुए', 'तथागत ने यहाँ सम्यक्सम्बोधि प्राप्त की', 'तथागत ने यहाँ धर्मचक्र प्रवर्तित किया', 'तथागत ने यहाँ अनुपाधिशेष निर्वाण धातु प्राप्त की'- यह देखने के लिये भी श्रद्धालु भिक्षु-भिक्षुणियाँ, उपासक एवं उपासिकाएँ आयेंगी ही। इस तरह, आनन्द! जो भी कोई

आनन्दपुच्छा

७६. "कथं मयं, भन्ते, मातुगामे पटिपज्जामा" ति?

"अदस्सनं, आनन्दा" ति।

"दस्सने, भगवा, सति कथं पटिपज्जितब्बं" ति?

"अनालापो, आनन्दा" ति। [B.117]

"आलपन्तेन पन, भन्ते, कथं पटिपज्जितब्बं" ति?

"सति, आनन्द, उपट्ठापेतब्बा" ति (१)

७७. "कथं मयं, भन्ते, तथागतस्स सरीरे पटिपज्जामा" ति?

"अब्यावटा तुम्हे, आनन्द, होथ तथागतस्स सरीरपूजाय। इङ्घ तुम्हे, आनन्द, सारत्थे घटथ अनुयुञ्जथ; सारत्थे अप्पमत्ता आतापिनो पहितत्ता विहरथ। सन्तानन्द, खत्तियपण्डिता पि ब्राह्मणपण्डिता पि गहपतिपण्डिता पि तथागते अभिप्पसन्ना। ते तथागतस्स सरीरपूजं करिस्सन्ती" ति। (२)

७८. "कथं पन, भन्ते, तथागतस्स सरीरे पटिपज्जितब्बं" ति?

"यथा खो, आनन्द, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ति, एवं तथागतस्स सरीरे पटिपज्जितब्बं" ति। (३)

"कथं पन, भन्ते, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ती" ति?

प्रसन्नचित्त होकर इन चैत्यों की चारिका करते हुए घूमेंगे, वे इस देहपात के बाद, सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न होंगे।"

आनन्द की जिज्ञासाएँ

स्त्रियों के साथ व्यवहार– ७६. "भन्ते! स्त्रियों के साथ हम कैसा व्यवहार करें?"

"आनन्द! उन का अदर्शन" (उन्हें न देखना)।

"भन्ते! उनके दिखायी दे जाने पर कैसा व्यवहार करेंगे?"

"आनन्द! उनसे बात न (अनालाप) करना।"

"भन्ते! यदि उनसे बात भी करनी पड़े तो कैसा करना चाहिये?"

"आनन्द! उस समय अपनी स्मृति बनाये रखनी चाहिये।"

तथागत के शरीर के साथ भिक्षुओं का व्यवहार– ७७. "भन्ते! (निर्वाणोत्तर) तथागत के शरीर को हम क्या करें?"

"आनन्द! तुम (भिक्षुगण) तथागत की शरीर–पूजा के विषय में निरपेक्ष (अब्यावट) रहना। आनन्द! तुम्हें सत्य की खोज करनी चाहिये। सद्धर्म के लिये प्रयत्न करना चाहिये। सद्धर्म को पाने के लिये अप्रमत्त रहते हुए उद्योग करना चाहिये। आनन्द! यहाँ कुछ समझदार क्षत्रिय भी हैं, समझदार ब्राह्मण भी हैं, समझदार गृहपति भी हैं जो तथागत में श्रद्धा रखते हैं। यह उनका कर्तव्य है कि वे तथागत के शरीर की पूजा (सम्मान) करें।

तथागत के शरीर का क्या करना चाहिये? – ७८. "भन्ते! तथागत के शरीर को कैसे करना चाहिये?"

"जैसे चक्रवर्ती राजा के शरीर के प्रति जो कर्तव्य किया जाता है वही तथागत के शरीर के प्रति भी करना चाहिये।" (३)

"रञ्ञो, आनन्द, चक्कवत्तिस्स सरीरं अहतेन वत्थेन वेठेन्ति, अहतेन वत्थेन वेठेत्वा [R.142] विहतेन कप्पासेन वेठेन्ति, विहतेन कप्पासेन वेठेत्वा अहतेन वत्थेन वेठेन्ति, एतेनुपायेन पञ्चहि युगसतेहि रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरं वेठेत्वा आयसाय तेलदोणिया पक्खिपित्वा अञ्ञिस्सा आयसाय दोणिया पटिकुज्जित्वा सब्बगन्धानं चितकं करित्वा रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरं झापेन्ति। चातुमहापथे रञ्ञो चक्कवत्तिस्स थूपं करोन्ति। एवं खो, आनन्द, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ति। (४)

यथा खो, आनन्द, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ति, एवं तथागतस्स सरीरे पटिपज्जितब्बं। चातुमहापथे तथागतस्स थूपो कातब्बो। तत्थ ये मालं वा गन्धं वा चुण्णकं वा आरोपेस्सन्ति वा अभिवादेस्सन्ति वा चित्तं वा पसादेस्सन्ति तेसं तं भविस्सति दीघरत्तं हिताय सुखाय।"

थूपारहपुग्गला

७९. "चत्तारोमे, आनन्द, थूपारहा। कतमे चत्तारो? (१) तथागतो अरहं सम्मासम्बुद्धो थूपारहो, (२) पच्चेकसम्बुद्धो थूपारहो, (३) तथागतस्स सावको थूपारहो, (४) राजा चक्कवत्ती थूपारहो ति।

[B.118] "किं चानन्द, अत्थवसं पटिच्च तथागतो अरहं सम्मासम्बुद्धो थूपारहो? 'अयं तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स थूपो' ति, आनन्द, बहुजना चित्तं पसादेन्ति। ते तत्थ चित्तं पसादेत्वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जन्ति। इदं खो, आनन्द, अत्थवसं पटिच्च तथागतो अरहं सम्मासम्बुद्धो थूपारहो। (१)

[R.143] "किं चानन्द, अत्थवसं पटिच्च पच्चेकसम्बुद्धो थूपारहो? 'अयं तस्स भगवतो

"भन्ते! राजा चक्रवर्ती के शरीर के साथ क्या किया जाता है?"

"आनन्द! राजा चक्रवर्ती के शरीर को नये (अ-हत) वस्त्र से लपेटते हैं, अहत वस्त्र से लपेटकर धुनी (विहत) रूई से लपेटते हैं, विहत रूई से लपेटकर फिर अहत वस्त्र से लपेटते हैं। इस तरह इस रूई और कपड़े को पाँच सौ बार लपेटकर राजा चक्रवर्ती के शरीर को सुवर्ण की तैल से भरी द्रोणी (नौका की तरह बनी) में डाल कर और दूसरी खाली द्रोणी से ढक कर सभी चन्दन आदि गन्ध काष्ठों की चिता राजा चक्रवर्ती के शरीर को जलाते हैं। जला कर बड़े चौराहे पर उस का स्तूप (स्मृति-स्तम्भ) बनाते हैं। आनन्द! जैसे राजा चक्रवर्ती के शरीर के मरणोत्तर कर्तव्य पूर्ण किये जाते हैं उसी प्रकार तथागत के शरीर के प्रति भी मरणोत्तर कर्तव्य पूरे करने चाहिये। चौराहे पर तथागत का स्तूप बनाना चाहिये। उस पर माला गन्ध-द्रव्य, गन्ध-विलेपन, एवं गन्धचूर्ण चढ़ाना चाहिये। यह कर्तव्य उनके चिर काल के लिये सुखदायी होगा।

स्तूपार्ह पुद्गल– ७९. "आनन्द! ये चार पुद्गल (मरणोत्तर) स्तूप बनाने योग्य होते हैं। कौन से चार? (१) तथागत.... स्तूपार्ह होते हैं, (२) प्रत्येकसम्बुद्ध.... (३) तथागत का शिष्य.... (४) एवं चक्रवर्ती राजा भी स्तूपार्ह होता है।

"ऐसा किसलिये आनन्द! कि तथागत का स्तूप बनाना चाहिये? 'यह उस भगवान् का स्मृतिस्तूप है'– यह सोचकर बहुत से लोग अपने मन में प्रीति-सौमनस्य पैदा करेंगे। इसके प्रभाव से वे मरने के बाद सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न होंगे। इसलिये तथागत का स्तूप बनाना चाहिये।

पच्चेकसम्बुद्धस्स थूपो'ति, आनन्द, बहुजना चित्तं पसादेन्ति। ते तत्थ चित्तं पसादेत्वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जन्ति। इदं खो, आनन्द, अत्थवसं पटिच्च पच्चेकसम्बुद्धो थूपारहो। (२)

"किं चानन्द, अत्थवसं पटिच्च तथागतस्स सावको थूपारहो? 'अयं तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स सावकस्स थूपो'ति, आनन्द, बहुजना चित्तं पसादेन्ति। ते तत्थ चित्तं पसादेत्वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जन्ति। इदं खो, आनन्द, अत्थवसं पटिच्च तथागतस्स सावको थूपारहो। (३)

"किं चानन्द, अत्थवसं पटिच्च राजा चक्कवत्ती थूपारहो? 'अयं तस्स [N.111] धम्मिकस्स धम्मरञ्ञो थूपो'ति, आनन्द, बहुजना चित्तं पसादेन्ति। ते तत्थ चित्तं पसादेत्वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जन्ति। इदं खो, आनन्द, अत्थवसं पटिच्च राजा चक्कवत्ती थूपारहो। (४)

इमे खो, आनन्द चत्तारो थूपारहा" ति।

आनन्दे अच्छरियधम्मा

८०. अथ खो आयस्मा आनन्दो विहारं पविसित्वा कपिसीसं आलम्बित्वा रोदमानो अट्ठासि—"अहं च वतम्हि सेखो सकरणीयो, सत्थु च मे परिनिब्बानं भविस्सति यो मम अनुकम्पको" ति। अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"कहं नु खो, भिक्खवे, आनन्दो" ति?

"एसो, भन्ते, आयस्मा आनन्दो विहारं पविसित्वा कपिसीसं आलम्बित्वा रोदमानो ठितो—'अहं च वतम्हि सेखो सकरणीयो, सत्थु च मे परिनिब्बानं भविस्सति यो मम अनुकम्पको' " ति। अथ खो भगवा अञ्ञतरं भिक्खुं आमन्तेसि—"एहि त्वं, [B.119] भिक्खु, मम वचनेन आनन्दं आमन्तेहि—'सत्था तं, आवुसो आनन्द, आमन्तेती" ति। "एवं,

---

"आनन्द! प्रत्येकसम्बुद्ध का....पूर्ववत्....स्तूप बनाना चाहिये।

"आनन्द! तथागत के श्रावक का....पूर्ववत्....स्तूप बनाना चाहिये।

"आनन्द! चक्रवर्ती का....पूर्ववत्....स्तूप बनाना चाहिये।

"इस तरह, आनन्द! ये चार पुद्गल स्मृतिस्तम्भ के योग्य हैं।

आनन्द के अद्भुत धर्म (गुण)

८०. तब आयुष्मान् आनन्द विहार में जाकर विहार के द्वार-कपाट का अर्गलाकाष्ठ (=कपिशीर्ष) पकड़कर खड़े हुए रोने लगे— "अरे! मैं अभी शैक्ष्य (सकरणीय) ही रह गया; जबकि शास्ता का परिनिर्वाण होने जा रहा है, जो मुझ पर अनुकम्पक (दयालु) हैं।" इसी बीच भगवान् ने भिक्षुओं से पूछा— "भिक्षुओ! आनन्द कहाँ है?"

(तब किसी ने बताया—) "आयुष्मान् आनन्द तो विहार में जाकर द्वारकाष्ठ पकड़कर खड़े-खड़े रो रहे हैं कि 'मैं तो अभी कर्तव्यावशिष्ट (सकरणीय) शैक्ष्य ही रह गया; जब कि मुझ पर दयालु शास्ता का परिनिर्वाण होने जा रहा है।" तब भगवान् ने किसी भिक्षु को बुलाकर आदेश दिया कि 'जाओ, भिक्षु! मेरे कहने से आनन्द को बुलाकर लाओ। उससे कहना कि आयुष्मन् आनन्द! शास्ता तुम्हें बुला रहे हैं'।" "अच्छा, भन्ते!" कहकर वह भिक्षु जहाँ आनन्द थे वहाँ गया। और जाकर कहा— "आयुष्मन् आनन्द!

[R.144] भन्ते'' ति खो सो भिक्खु भगवतो पटिस्सुत्वा येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''सत्था तं, आवुसो आनन्द, आमन्तेती'' ति। ''एवमावुसो'' ति खो आयस्मा आनन्दो तस्स भिक्खुनो पटिस्सुत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं आनन्दं भगवा एतदवोच—''अलं, आनन्द, मा सोचि, मा परिदेवि। ननु एतं, आनन्द, मया पटिकच्चेव अक्खातं—सब्बेहेव पियेहि मनापेहि नानाभावो विनाभावो अञ्ञथाभावो; तं कुतेत्थ, आनन्द, लब्भा! यं तं जातं भूतं सङ्खतं पलोकधम्मं तं वत तथागतस्सा पि सरीरं मा पलुज्जी ति नेतं ठानं विज्जति। दीघरत्तं खो ते, आनन्द, तथागतो पच्चुपट्ठितो मेत्तेन कायकम्मेन हितेन सुखेन अद्वयेन अप्पमाणेन, मेत्तेन वचीकम्मेन हितेन सुखेन अद्वयेन अप्पमाणेन, मेत्तेन मनोकम्मेन हितेन सुखेन अद्वयेन अप्पमाणेन। कतपुञ्ञोसि त्वं, आनन्द, पधानमनुयुञ्ज, खिप्पं होहिसि अनासवो'' ति।

८१. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''ये पि ते, भिक्खवे, अहेसुं अतीतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा तेसं पि भगवन्तानं एतप्परमायेव उपट्ठाका अहेसुं, सेय्यथापि मय्हं [N.112] आनन्दो। ये पि ते, भिक्खवे, भविस्सन्ति अनागतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा, तेसं पि भगवन्तानं एतप्परमायेव उपट्ठाका भविस्सन्ति, सेय्यथापि मय्हं आनन्दो। पण्डितो, भिक्खवे, आनन्दो; मेधावी, भिक्खवे, आनन्दो। जानाति अयं कालो तथागतं दस्सनाय [R.145] उपसङ्कमितुं भिक्खूनं, अयं कालो भिक्खुनीनं, अयं कालो उपासकानं, अयं कालो उपासिकानं, अयं कालो रञ्ञो राजमहामत्तानं तित्थियानं तित्थियसावकानं ति।

८२. ''चत्तारोमे, भिक्खवे, अच्छरिया अब्भुता धम्मा आनन्दे। कतमे चत्तारो? (१)

आपको शास्ता बुला रहे हैं।'' ''अच्छा, आयुष्मन्!''– आनन्द उस भिक्षु को यह उत्तर देकर, जहाँ भगवान् थे, वहाँ पहुँचे। पहुँच कर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् आनन्द को भगवान् ने यों शान्त्वना दी– ''आनन्द! किसी प्रकार का शोक या विलाप न कर। आनन्द! क्या मैंने पहले ही तुम को अनेक बार नहीं समझाया कि सभी प्रिय पदार्थों से एक न एक दिन वियोग, पृथक् होना या अन्यथाभाव होगा ही। उनके साथ निरन्तर संयोग कहाँ मिलने वाला है! क्योंकि जो कुछ यह सांसारिक वस्तुजात दिखायी दे रहा है, वह एक न एक दिन नष्ट होगा ही। तब 'तथागत का शरीर नष्ट न हो'– यह कैसे सम्भव है! अरे आनन्द! तुमने तो बहुत काल तक हितमय सुखमय एवं अपरिमित मैत्रीपूर्ण कायक्रम से मैत्रीपूर्ण वाक्कर्म से एवं मैत्रीपूर्ण मनःकर्म से एकान्ततः तथागत की सेवा–परिचर्या की है। यों, तुमने अत्यधिक पुण्य–संग्रह कर लिया है। निर्वाण–साधना में एकान्ततः लगो, शीघ्र ही अनाश्रव (मुक्त) हो जाओगे।''

८१. तब भगवान् ने भिक्षुओं को सम्बोधित किया– भिक्षुओ! जो तथागत....भगवान् अतीत काल में हुए उन भगवानों के भी उपस्थायक इतने ही उत्तम थे जितना मेरा यह आनन्द। भिक्षुओ! जो तथागत भविष्यत् (अनागत) काल में होंगे उनके ....पूर्ववत्.....। भिक्षुओ! आनन्द पण्डित है....मेधावी है। वह जानता है कि यह काल भिक्षुओं का तथागत के दर्शनार्थ जाने का है, यह भिक्षुणियों का....उपासकों का....उपासिकाओं का....राजाओं का....महामात्यों का....तीर्थिकों का....तीर्थिक–श्रावकों का तथागत के दर्शनार्थ जाने का समय है।

सचे, भिक्खवे, भिक्खुपरिसा आनन्दं दस्सनाय उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना [B.120] होति। तत्र चे आनन्दो धम्मं भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, भिक्खुपरिसा होति, अथ खो आनन्दो तुण्ही होति। (२) सचे, भिक्खवे, भिक्खुनीपरिसा आनन्दं दस्सनाय उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना होति। तत्र चे आनन्दो धम्मं भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, भिक्खुनीपरिसा होति, अथ खो आनन्दो तुण्ही होति। (३) सचे, भिक्खवे, उपासकपरिसा आनन्दं दस्सनाय उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना होति। तत्र चे आनन्दो धम्मं भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, उपासकपरिसा होति, अथ खो आनन्दो तुण्ही होति। (४) सचे, भिक्खवे, उपासिकापरिसा आनन्दं दस्सनाय उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना होति। तत्र चे, आनन्दो, धम्मं भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, उपासिकापरिसा होति, अथ खो आनन्दो तुण्ही होति। इमे खो, भिक्खवे, चत्तारो अच्छरिया अब्भुता धम्मा आनन्दे।

"चत्तारोमे, भिक्खवे, अच्छरिया अब्भुता धम्मा रञ्ञे चक्कवत्तिम्हि। कतमे चत्तारो? (१) सचे, भिक्खवे, खत्तियपरिसा राजानं चक्कवत्तिं दस्सनाय उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना होति। तत्र चे राजा चक्कवत्ती भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, खत्तियपरिसा होति, अथ खो राजा चक्कवत्ती तुण्ही होति। (२) सचे, भिक्खवे, ब्राह्मणपरिसा....पे०....। (३) गहपतिपरिसा....पे०....। (४) समणपरिसा राजानं चक्कवत्तिं दस्सनाय उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना होति। तत्र चे राजा चक्कवत्ती भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, समणपरिसा होति, अथ खो [N.113, R.146] राजा चक्कवत्ती तुण्ही होति। एवमेव खो, भिक्खवे, चत्तारोमे अच्छरिया अब्भुता धम्मा आनन्दे। (१) सचे, भिक्खवे, भिक्खुपरिसा आनन्दं दस्सनाय उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना होति। तत्र चे आनन्दो धम्मं भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, भिक्खुपरिसा होति, अथ खो आनन्दो तुण्ही होति। (२) सचे भिक्खुनीपरिसा ....पे०....। (३) उपासकपरिसा....पे०....। (४) उपासिकापरिसा आनन्दं दस्सनाय [B.121]

---

८२. "भिक्षुओ! यदि भिक्षुपरिषद् आनन्द के दर्शनहेतु आती है तो उसके दर्शन कर सन्तुष्ट हो जाती है। यदि आनन्द धर्म पर भाषण करता है तो भिक्षुपरिषद् उसे सुन कर सन्तुष्ट हो जाती है। हाँ, वह भिक्षुपरिषद् तब असन्तुष्ट रहती है, जब भाषण करने के बाद वह चुप हो जाता है। (२) यदि भिक्षुणी परिषद्....। (३) यदि उपासकपरिषद्....। (४) यदि उपासिका परिषद्.... चुप हो जाता है। भिक्षुओ! ये चार अद्भुत गुण आनन्द में हैं।

"भिक्षुओ! चक्रवर्ती राजा में ये चारी अद्भुत बातें होती हैं। जैसे– (१) यदि कोई क्षत्रियसमूह चक्रवर्ती राजा के दर्शन हेतु जाता है ता वह समूह उसके दर्शन कर सन्तुष्ट हो जाता है। वह चक्रवर्ती उससे जो कुछ सम्भाषण करता है उससे भी वह समूह सन्तुष्ट रहता है। हाँ! वह समूह तब कुछ असन्तुष्ट अवश्य दिखायी देता है जब वह चक्रवर्ती राजा चुप रहता है। (२) यदि भिक्षुओ! कोई ब्राह्मणसमूह....। (३) ...कोई गृहपतिसमूह....। (४) कोई श्रमणसमूह....। इसी तरह भिक्षुओ! आनन्द में भी ये चारों अद्भुत गुण

उपसङ्कमति, दस्सनेन सा अत्तमना होति। तत्र चे आनन्दो धम्मं भासति, भासितेन पि सा अत्तमना होति। अतित्ता व, भिक्खवे, उपासिकापरिसा होति, अथ खो आनन्दो तुण्ही होति। इमे खो, भिक्खवे, चत्तारो अच्छरिया अब्भुता धम्मा आनन्दे'' ति।

महासुदस्सनकथा

८३. एवं वुत्ते, आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—''मा, भन्ते, भगवा इमस्मिं खुद्दकनगरके उज्जङ्गलनगरके साखानगरके परिनिब्बायि। सन्ति, भन्ते, अञ्ञानि महानगरानि, सेय्यथिदं—चम्पा, राजगहं, सावत्थी, साकेतं, कोसम्बी, बाराणसी, एत्थ भगवा परिनिब्बायतु। एत्थ बहू खत्तियमहासाला ब्राह्मणमहासाला गहपतिमहासाला तथागते अभिप्पसन्ना। ते तथागतस्स सरीरपूजं करिस्सन्ती'' ति।

''माहेवं, आनन्द, अवच; माहेवं, आनन्द, अवच—'खुद्दकनगरकं उज्जङ्गलनगरकं साखानगरकं' ति। भूतपुब्बं, आनन्द, राजा महासुदस्सनो नाम अहोसि चक्कवत्ती धम्मिको धम्मराजा चातुरन्तो विजितावी जनप्पदत्थावरियप्पत्तो सत्तरतनसमन्नागतो। रञ्ञो, आनन्द, महासुदस्सनस्स अयं कुसिनारा कुसावती नाम राजधानी अहोसि पुरत्थिमेन च पच्छिमेन च द्वादसयोजनानि आयामेन, उत्तरेन च दक्खिणेन च सत्तयोजनानि वित्थारेन। कुसावती, आनन्द, राजधानी इद्धा चेव अहोसि फीता च बहुजना च आकिण्णमनुस्सा च सुभिक्खा च। सेय्यथापि, [R.147] आनन्द, देवानं आळकमन्दा नाम राजधानी इद्धा चेव होति फीता च बहुजना च आकिण्णयक्खा च सुभिक्खा च; एवमेव खो, आनन्द, कुसावती राजधानी इद्धा चेव अहोसि फीता च बहुजना च आकिण्णमनुस्सा च सुभिक्खा च। कुसावती, आनन्द, राजधानी दसहि सद्देहि अविवित्ता अहोसि दिवा चेव रत्तिं च, सेय्यथिदं—(१) हत्थिसद्देन, (२) अस्ससद्देन,

---

हैं। वह यदि भिक्षुपरिषद्....., भिक्षुणीपरिषद्....., उपासकपरिषद्....., उपासिकापरिषद्....चुप हो जाता है। भिक्षुओ! ये चार अद्भुत गुण आनन्द में हैं।''

महासुदर्शन राजा की कथा

८३. तब आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से यों निवेदन किया— ''भन्ते! भगवान् इस क्षुद्र नगरक (नगला), जंगलों से भरे नगरक में परिनिर्वाण को न प्राप्त होवें। भन्ते! और भी तो महानगर हैं; जैसे— चम्पा है, राजगृह है, श्रावस्ती है, साकेत है, कौसाम्बी है या वाराणसी है; इनमें से कहीं भी भगवान् परिनिर्वृत होवें। यहाँ बड़े-बड़े धनाढ्य क्षत्रिय हैं, बड़े-बड़े धनाढ्य ब्राह्मण हैं, बड़े-बड़े धनाढ्य गृहपति हैं जो तथागत के प्रति प्रीति-सौमनस्य एवं श्रद्धा रखते हैं। वे तथागत के शरीर की यथोचित पूजा करेंगे।''

(भगवान् बोले-) ''आनन्द! ऐसा न कहो; आनन्द! ऐसा न कहो— 'यह स्थान क्षुद्र नगरक है या यह जंगलों से घिरा हुआ नगरक है।' आनन्द! प्राचीन काल में यहाँ महासुदर्शन नाम का राजा हुआ था, जो कि चक्रवर्ती धार्मिक, धर्मराज, समुद्रपर्यन्त चारों दिशाओं में विजयपताका फहराने वाला, जनपदों में अपने शासन से स्थिरता लाने वाला तथा सातों रत्नों से युक्त था। उस राजा महासुदर्शन की यह कुशावती राजधानी थी, जो कि पूर्व-पश्चिम दिशाओं में बारह योजन एवं उत्तर-दक्षिण दिशाओं में सात योजन विस्तृत थी। यह कुशावती राजधानी उस समय समृद्ध, धनधान्यसम्पन्न जनाकीर्ण, और सुभिक्षमय थी। जैसे कि आनन्द! देवताओं की आलकमंदा नाम की नगरी समृद्ध, धन-धान्यसम्पन्न....है। इसी तरह यह

(३) रथसद्देन, (४) भेरिसद्देन, (५) मुदिङ्गसद्देन, (६) वीणासद्देन, (७) गीतसद्देन, [N.114] (८) सङ्खसद्देन, सम्मसद्देन, (९) पाणिताळसद्देन (१०) अस्नाथ पिवथ खादथा ति दसमेन सद्देन।

"गच्छ त्वं, आनन्द। कुसिनारं पविसत्वा कोसिनारकानं मल्लानं आरोचेहि—[B.122] 'अज्ज खो, वासेट्ठा, रत्तिया पच्छिमे यामे तथागतस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अभिक्कमथ, वासेट्ठा, अभिक्कमथ, वासेट्ठा। मा पच्छा विप्पटिसारिनो अहुवत्थ—'अम्हाकं च नो गामक्खेत्ते तथागतस्स परिनिब्बानं अहोसि, न मयं लभिम्हा पच्छिमे काले तथागतं दस्सनाया' " ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पटिस्सुत्वा निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय अत्तदुतियो कुसिनारं पाविसि।

मल्लानं वन्दना

८४. तेन खो पन समयेन कोसिनारका मल्ला सन्थागारे सन्निपतिता होन्ति केनचिदेव करणीयेन। अथ खो आयस्मा आनन्दो येन कोसिनारकानं मल्लानं सन्थागारं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा कोसिनारकानं मल्लानं आरोचेसि—"अज्ज खो, वासेट्ठा, रत्तिया पच्छिमे यामे तथागतस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अभिक्कमथ, वासेट्ठा, अभिक्कमथ, वासेट्ठा। मा [R.148] पच्छा विप्पटिसारिनो अहुवत्थ—'अम्हाकं च नो गामक्खेत्ते तथागतस्स परिनिब्बानं अहोसि, न मयं लभिम्हा पच्छिमे काले तथागतं दस्सनाया' " ति।

इदमायस्मतो आनन्दस्स सुत्वा मल्ला च मल्लपुत्ता च मल्लसुणिसा च मल्लपजापतियो च अघाविनो दुम्मना चेतोदुक्खसमप्पिता अप्पेकच्चे केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बायिस्सति, अतिखिप्पं

कुशावती नगरी भी समृद्ध....थी। आनन्द! इस नगरी में चौबीस घण्टे ये दस तरह के शब्द निरन्तर गूँजते रहते थे; जैसे— १. हाथियों की चिङ्घाड़; २. घोड़ों की हिनहिनाहट; ३. रथों की खनखनाहट; ४. भेरी; ५. मृदङ्ग; ६. वीणा; ७. गीत; ८. शङ्ख; ९. लयबद्ध हाथों की ताल और दशम 'स्नान कीजिये', 'खाइये', 'पीजिये'— आदि शब्द।

(अतः) आनन्द! तुम (कुसीनारा) जाओ और कुशीनारा में प्रवेश कर वहाँ रहने वाले मल्लों से कहो— "वासिष्ठो! आज रात्रि के अन्तिम प्रहर में तथागत का परिनिर्वाण होगा। चलो, वासिष्ठो! चलो! बाद में यह कहकर पश्चात्ताप न करना कि हमारे ग्रामसीमा-क्षेत्र में तथागत का परिनिर्वाण हुआ, और हमें सूचना तक न मिली! और यों हम तथागत के अन्तिम दर्शन भी न कर पाये।" "अच्छा, भन्ते"— कहकर और तय्यार होकर पात्र–चीवर ले आनन्द एकाकी (आत्मद्वितीय) ही कुशीनारा में प्रविष्ट हुए।

मल्लों की वन्दना

८४. उस समय कुशीनारावासी मल्ल किसी आवश्यक कार्य से कुशीनारा के संस्थागार (पञ्चायत भवन) में एकत्र थे। तब आयुष्मान् आनन्द उस संस्थागार में गये और वहाँ एकत्र (सन्निपतित) हुए कुशीनारावासी मल्लों को बताया— "वासिष्ठो! आज रात्रि के अन्तिम प्रहर तथागत का परिनिर्वाण होगा....पूर्ववत्....अन्तिम दर्शन भी न कर पाये!"

आयुष्मान् आनन्द से यह सुनकर वे मल्ल, उन के पुत्र–पौत्र, सास–बहुएँ, दुःखित एवं शोकमग्न हृदय से,बाल विखेर बिखेर कर, बाँहें, पकड़–पकड़कर, कटे वृक्ष की तरह पछाड़ खा खाकर, भूमि पर

सुगतो परिनिब्बायिस्सति, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरधायिस्सती' ति। अथ खो मल्ला च मल्लपुत्ता च मल्लसुणिसा च मल्लपजापतियो च अघाविनो दुम्मना चेतोदुक्खसमप्पिता येन उपवत्तनं मल्लानं सालवनं येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमिंसु।

अथ खो आयस्मतो आनन्दस्स एतदहोसि—"सचे खो अहं कोसिनारके मल्ले एकमेकं भगवन्तं वन्दापेस्सामि, अवन्दितो भगवा कोसिनारकेहि मल्लेहि भविस्सति अथायं रत्ति विभायिस्सति। यन्नूनाहं कोसिनारके मल्ले कुलपरिवत्तसो कुलपरिवत्तसो ठपेत्वा भगवन्तं वन्दापेय्यं—'इत्थन्नामो, भन्ते, मल्लो सपुत्तो सभरियो सपरिसो समच्चो भगवतो पादे सिरसा [N.115, B.123] वन्दती' ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो कोसिनारके मल्ले कुलपरिवत्तसो कुलपरिवत्तसो ठपेत्वा भगवन्तं वन्दापेसि—'इत्थन्नामो, भन्ते, मल्लो सपुत्तो सभरियो सपरिसो सामच्चो भगवतो पादे सिरसा वन्दती' ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो एतेन उपायेन पठमेनेव यामेन कोसिनारके मल्ले भगवन्तं वन्दापेसि।

सुभद्दपरिब्बाजकवत्थु

८५. तेन खो पन समयेन सुभद्दो नाम परिब्बाजको कुसिनारायं पटिवसति। अस्सोसि खो सुभद्दो परिब्बाजको—"अज्ज किर रत्तिया पच्छिमे यामे समणस्स गोतमस्स परिनिब्बानं [R.149] भविस्सती" ति। अथ खो सुभद्दस्स परिब्बाजकस्स एतदहोसि—"सुतं खो पन मेतं परिब्बाजकानं वुड्ढानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—'कदाचि करहचि तथागता लोके उप्पज्जन्ति अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा' ति। अज्जेव रत्तिया पच्छिमे यामे समणस्स गोतमस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अत्थि च मे अयं कङ्खाधम्मो उप्पन्नो—'एवं पसन्नो अहं समणे

लोट-पोट हो होकर, रोते हुए यों विलाप करने लगे— "अरे! भगवान् बहुत जल्दी ही परिनिर्वृत हो रहे हैं! बहुत जल्दी ही सुगत का यह परिनिर्वाण (देहपात) हो रहा है! बहुत जल्दी ही ये लोक-चक्षु (मार्गदर्शक) अन्तर्धान (हम से दूर) हो रहे हैं! तब वे दुःखित एवं शोकमग्न कुशीनारावासी जहाँ मल्लों का उपवत्तन शालवन था, वहाँ गये।

तब आयुष्मान् आनन्द को यह विचार मन में हुआ— "यदि मैं कुशीनारा के इन मल्लों को एक एक कर तथागत की वन्दना करने भेजूँ तो भगवान् बहुत से मल्लों द्वारा अपूजित ही रह जाँयगें। और रात्रि भी बीत जायगी तो क्यों न मैं इन मल्लों को इनके कुलक्रम से भगवान् की वन्दना कराऊँ— 'भन्ते अमुक नाम का यह मल्लपुत्र अपने पुत्र, भार्या, परिषद् एवं अमात्यों सहित भगवान् के चरणों की वन्दना करता है' "। तब आयुष्मान् आनन्द ने उन कुशीनारा मल्लों को एक एक कुलक्रम से भगवान् की वन्दना करवाई....। इस उपाय से उस रात्रि के प्रथम प्रहर में ही उन मल्लों का यह भगवान् को वन्दना करने का क्रम पूर्ण हो गया।

सुभद्र परिव्राजक

८५ उस समय एक सुभद्र नामक परिव्राजक कुसीनारा में रहता था। उस सुभद्र परिव्राजक ने जब सुना कि "आज रात्रि के अन्तिम प्रहर में भगवान् का परिनिर्वाण होगा" तो उसके मन में यह विचार उठा— "मैंने बड़े-बूढ़े आचार्य-प्राचार्य परिव्राजकों से यह सुना है कि ये तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध इस लोक में कभी-कभी ही अवतरित हुआ करते हैं। आज ही रात्रि के अन्तिम प्रहर में श्रमण गौतम का परिनिर्वाण होगा। और आज ही मेरे मन में यह धर्मविषयक सन्देह (=कङ्खाधम्म) उठ खड़ा हुआ है। मैं

गोतमे। पहोति मे समणो गोतमो तथा धम्मं देसेतुं यथाहं इमं कङ्खाधम्मं पजहेय्यं' '' ति। अथ खो सुभद्दो परिब्बाजको येन उपवत्तनं मल्लानं सालवनं येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''सुतं मेतं, भो आनन्द, परिब्बाजकानं वुड्ढानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—'कदाचि करहचि तथागता लोके उप्पज्जन्ति अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा' ति। अज्जेव रत्तिया पच्छिमे यामे समणस्स गोतमस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अत्थि च मे अयं कङ्खाधम्मो उप्पन्नो—'एवं पसन्नो अहं समणे गोतमे, पहोति मे समणो गोतमो तथा धम्मं देसेतुं यथाहं इमं कङ्खाधम्मं पजहेय्यं' ति। साधाहं, भो आनन्द, लभेय्यं समणं गोतमं दस्सनाया'' ति। एवं वुत्ते, आयस्मा आनन्दो सुभद्दं परिब्बाजकं एतदवोच—''अलं, आवुसो सुभद्द, मा तथागतं विहेठेसि। किलन्तो भगवा'' ति। दुतियं पि खो सुभद्दो परिब्बाजको....पे०....ततियं पि खो सुभद्दो परिब्बाजको आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''सुतं मेतं, भो आनन्द, परिब्बाजकानं वुड्ढानं महल्लकानं आचरियपाचरियकानं [B.124] भासमानानं —'कदाचि करहचि तथागता लोके उप्पज्जन्ति अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा' ति। [R.150] अज्जेव रत्तिया पच्छिमे यामे समणस्स गोतमस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अत्थि च मे अयं कङ्खाधम्मो उप्पन्नो—एवं पसन्नो अहं समणे गोतमे, पहोति मे समणो गोतमो तथा [N.116] धम्मं देसेतुं यथाहं इमं कङ्खाधम्मं पजहेय्यं' ति। साधाहं, भो आनन्द, लभेय्यं समणं गोतमं दस्सनाया'' ति। ततियं पि खो आयस्मा आनन्दो सुभद्दं परिब्बाजकं एतदवोच—''अलं, आवुसो सुभद्द, मा तथागतं विहेठेसि। किलन्तो भगवा'' ति।

८६. अस्सोसि खो भगवा आयस्मतो आनन्दस्स सुभद्देन परिब्बाजकेन सद्धिं इमं कथासल्लापं। अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''अलं, आनन्द, मा सुभद्दं वारेसि। लभतं, आनन्द, सुभद्दो तथागतं दस्सनाय। यं किञ्चि मं सुभद्दो पुच्छिस्सति सब्बं तं अञ्ञापेक्खो व पुच्छिस्सति, नो विहेसापेक्खो। यं चस्साहं पुट्ठो ब्याकरिस्सामि, तं खिप्पमेव आजानिस्सती'' ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो सुभद्दं परिब्बाजकं एतदवोच—''गच्छावुसो सुभद्द, करोति ते भगवा ओकासं'' ति। अथ खो सुभद्दो परिब्बाजको येन भगवा तेनुपसङ्कमि;

श्रमण गौतम से इतना प्रसन्न (श्रद्धावान्) हूँ कि (मुझे विश्वास है कि) उनकी धर्मदेशना से ही मेरा यह सन्देह दूर हो सकेगा।'' तब सुभद्र परिव्राजक जहाँ मल्लों का शालवन उपवत्तन था, जहाँ आयुष्मान् आनन्द थे, वहाँ पहुँचा। पहुँचकर वह आनन्द से बोला– ''भो आनन्द! मैंने बड़े–बूढ़े आचार्य–प्राचार्य....पूर्ववत्.... सन्देह दूर हो सकेगा। अतः कोई ऐसी व्यवस्था करें कि मैं श्रमण गौतम के दर्शन पा सकूँ। सुभद्र परिव्राजक के ऐसा कहने पर, आयुष्मान् आनन्द ने कहा– ''जाने दो, सुभद्र! तथागत को त्रस्त न करो। भगवान् इस समय रोगाक्रान्त हैं।'' दूसरी बार भी.....तीसरी बार भी सुभद्र ने आनन्द से कहा– ''भो आनन्द! मैंने बड़े–बूढ़े....सन्देह दूर हो सकेगा....रोगाक्रान्त हैं।''

८६. भगवान् ने सुभद्र परिव्राजक का आनन्द के साथ हो रहा यह कथोपकथन सुन लिया। तब आयुष्मान् आनन्द को कहा– ''नहीं, आनन्द! सुभद्र को निषेध न करो। सुभद्र को तथागत का दर्शन पाने दो। उसका सन्देह परम ज्ञान की प्राप्ति के लिये ही होगा, मुझे कष्ट देने के लिये नहीं। मुझसे पूछने पर जो मैं उसे बताऊँगा वह उसे तत्काल समझ लेगा।'' तब आयुष्मान् आनन्द ने सुभद्र परिव्राजक से कहा–

उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सुभद्दो परिब्बाजको भगवन्तं एतदवोच—"येमे, भो गोतम, समणब्राह्मणा सङ्घिनो गणिनो गणाचरिया ञाता यसस्सिनो तित्थकरा साधुसम्मता बहुजनस्स, सेय्यथिदं— पूरणो कस्सपो, मक्खलि गोसालो, अजितो केसकम्बलो, पकुधो कच्चायनो, [R.151] सञ्चयो बेलट्ठपुत्तो, निगण्ठो नाटपुत्तो, सब्बेते सकाय पटिञ्ञाय अब्भञ्ञिंसु? सब्बेव न अब्भञ्ञिंसु? उदाहु एकच्चे अब्भञ्ञिंसु एकच्चे न अब्भञ्ञिंसु" ति?

"अलं, सुभद्द; तिट्ठतेतं— सब्बेते सकाय पटिञ्ञाय अब्भञ्ञिंसु, सब्बेव न अब्भञ्ञिंसु, उदाहु एकच्चे अब्भञ्ञिंसु एकच्चे न अब्भञ्ञिंसू ति। धम्मं ते, सुभद्द, देसेस्सामि, तं सुणाहि, साधुकं मनसिकरोहि, भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो सुभद्दो परिब्बाजको भगवतो पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच—

८७. "यस्मिं खो, सुभद्द, धम्मविनये अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो न उपलब्भति, समणो पि तत्थ न उपलब्भति। दुतियो पि तत्थ समणो न उपलब्भति। ततियो पि तत्थ समणो [B.125] न उपलब्भति। चतुत्थो पि तत्थ समणो न उपलब्भति। यस्मिं च खो, सुभद्द, धम्मविनये अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो उपलब्भति, समणो पि तत्थ उपलब्भति। दुतियो पि तत्थ [N.117] समणो उपलब्भति। ततियो पि तत्थ समणो उपलब्भति। चतुत्थो पि तत्थ समणो उपलब्भति। इमस्मिं खो, सुभद्द, धम्मविनये अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो उपलब्भति। इधेव, सुभद्द, समणो, इध दुतियो समणो, इध ततियो समणो, इथ चतुत्थो समणो। सुञ्ञा परप्पवादा समणेभि अञ्ञेहि। इमे च, सुभद्द, भिक्खू सम्मा विहरेय्युं, असुञ्ञो लोको अरहन्तेहि अस्सा" ति।

"जाओ, आयुष्मन् सुभद्र! भगवान् आपको बुला रहे हैं।" तब सुभद्र परिव्राजक जहाँ भगवान् थे वहाँ गया। जाकर भगवान् से कुशल–मङ्गल पूछा। यह सब पूछकर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस सुभद्र परिव्राजक ने भगवान् से प्रश्न किया– "भो गौतम! सभी श्रमण–ब्राह्मण, गणी, गणाचार्य, ज्ञानी, यशस्वी (ख्यातिलब्ध) तीर्थंकर, समाज में सम्मानप्राप्त, जैसे– पूरण काश्यप, मक्खलि गोसाल, अजित केशकम्बल, प्रक्रुध कात्यायन, सञ्जय वेलट्ठिपुत्र एवं निगण्ठ नाटपुत्र, क्या ये सभी अपने उपदेश में बताये गये (प्रतिज्ञात) सिद्धान्तों को स्वयं साक्षात्कार करके जानते हैं? या सभी नहीं जानते? या इनमें से कुछ जानते हैं? कुछ नहीं भी जानते?"

सुभद्र का सन्देह-निराकरण– "जाने दो, सुभद्र! कि वे लोग अपने कहे हुए प्रतिज्ञा–सिद्धान्तों को जानते हैं?....या कुछ नहीं भी जानते? मैं तुम्हें स्वतन्त्र रूप से धर्म (का गूढ़ रहस्य) बताऊँगा, तू उसे ध्यान से सुन और मन में बैठा ले।"

"अच्छा भन्ते!" कहकर सुभद्र ने भगवान् की आज्ञा मान ली। भगवान् ने कहा–

८७. "जिस (आचार्य के) धर्मानुशासन में आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग उपलब्ध नहीं होता वहाँ प्रथम श्रमण (स्रोतआपन्न) भी उपलब्ध नहीं होता। दूसरा (सकृदागामी) एवं तीसरा (अनागामी) श्रमण भी नहीं मिलता। और चतुर्थ श्रमण (अर्हत्) तो मिलेगा ही क्या! और सुभद्र! जिस (आचार्य के धर्मानुशासन में आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग उपलब्ध है (उसके सहारे धर्मसाधना की जाती है) वहाँ प्रथम श्रमण.... द्वितीय....तृतीय....चतुर्थ श्रमण भी मिलता है। सुभद्र! क्योंकि मेरे धर्मानुशासन में अष्टाङ्गिक मार्ग के सहारे साधना की जाती है,

एकूनतिंसो वयसा सुभद्द, यं पब्बजिं किंकुसलानुएसी।
वस्सानि पञ्ञास समाधिकानि, यतो अहं पब्बजितो, सुभद्द!
ञायस्स धम्मस्स पदेसवत्ती, इतो बहिद्धा समणो पि नत्थि॥

"दुतियो पि समणो नत्थि। ततियो पि समणो नत्थि। चतुत्थो पि समणो [R.152] नत्थि। सुञ्ञा परप्पवादा समणेहि अञ्ञेहि। इमे च, सुभद्द, भिक्खू सम्मा विहरेय्युं, असुञ्ञो लोको अरहन्तेहि अस्सा" ति।

८८. एवं वुत्ते, सुभद्दो परिब्बाजको भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भन्ते, अभिक्कन्तं, भन्ते! सेय्यथापि, भन्ते, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य— चक्खुमन्तो रूपानि दक्खन्ती ति; एवमेवं भगवता अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। लभेय्याहं, भन्ते भगवतो सन्तिके पब्बज्जं लभेय्यं उपसम्पदं" ति।

"यो खो, सुभद्द, अञ्ञतित्थियपुब्बो इमस्मिं धम्मविनयं आकङ्खति पब्बज्जं [B.126] आकङ्खति उपसम्पदं, सो चत्तारो मासे परिवसति। चतुन्नं मासानं अच्चयेन आरद्धचित्ता भिक्खू पब्बाजेन्ति उपसम्पादेन्ति भिक्खुभावाय। अपि च मेत्थ पुग्गलवेमत्तता विदिता" ति।

"सचे, भन्ते, अञ्ञतित्थियपुब्बा इमस्मि धम्मविनये आकङ्खन्ता पब्बज्जं आकङ्खन्ता उपसम्पदं चत्तारो मासे परिवसन्ति, चतुन्नं मासानं अच्चयेन आरद्धचित्ता भिक्खू पब्बाजेन्ति

अतः इसी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ (सभी प्रकार के) श्रमण (बाहुल्येन) उपलब्ध होते हैं। दूसरे आचार्यों के मतों में ऐसे श्रमण नहीं मिलते। (सुञ्ञा परप्पवादा)। सुभद्र! मेरे इस धर्मविनय को मानने वाले भिक्षु यदि ठीक ढंग से धर्माराधना करें तो इस लोक में कभी ज्ञानियों अभाव न रहे।

"सुभद्र! उनतीस वर्ष की आयु में मैं 'क्या कुशल है'— इस बात की खोज में जब निकला था, तब से आज इकावन वर्ष हुए।

'न्याययुक्त (तर्कसंगत=तर्क की कसौटी पर खरा उतरने वाला आर्य सत्य) धर्म एक अंश में भी शुद्ध, मेरे बताये धर्म से अन्य कोई धर्म नहीं है। अन्य धर्मों में न कोई प्रथम कोटि का श्रमण मिलता है, न द्वितीय....तृतीय....एवं न चतुर्थ कोटि का श्रमण ही मिलता है। दूसरों के मत तो श्रमणों) से शून्य हैं। मेरा तो यही कहना है कि मेरे बताये धर्म के अनुसार यदि कोई आराधना करता रहे तो यह पृथ्वी अर्हतों (ज्ञानियों) से कभी शून्य न हो।"

सुभद्र की प्रव्रज्या—८८. भगवान् द्वारा ऐसा उपदेश किये जाने पर, वह सुभद्र परिव्राजक भगवान् से विनयपूर्वक यह बोला— "आश्चर्य है, भन्ते!....पूर्ववत्....भिक्षुसङ्घ की शरण में जाता हूँ। क्या ही अच्छा हो भन्ते! मैं भगवान् से प्रवज्या एवं उपसम्पदा पा जाऊँ।"

"सुभद्र! मेरे धर्म विनय में (प्रव्रज्या—दीक्षाप्राप्ति का) यह विशेष नियम है कि पहले किसी अन्य धर्म में दीक्षित परिव्राजक यदि मेरे धर्म में दीक्षित होना चाहता है तो उसे चार महीने तक प्रतीक्षा करते हुए विशेष नियमों के साथ रहना पड़ता है। इन महीनों के बीत जाने के बाद, यदि भिक्षु उसके व्यवहार से सन्तुष्ट हों तो वे उसे भिक्षु होने के लिये प्रव्रज्या देंगे उपसम्पदा देंगे। यहाँ मेरा प्रत्येक प्रव्रज्याकांक्षी में भेद करना सबको विदित है।"

"यदि, भन्ते! आप के धर्मविनय यह विशेष नियम है— कि....पूर्ववत्....तो मैं चार मास नहीं चार

उपसम्पादेन्ति भिक्खुभावाय; अहं चत्तारि वस्सानि परिवसिस्सामि, चतुन्नं वस्सानं अच्चयेन आरद्धचित्ता भिक्खू पब्बाजेन्तु उपसम्पादेन्तु भिक्खुभावाया'' ति।

[N.118] अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''तेनहानन्द, सुभद्दं पब्बाजेही'' ति।''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो सुभद्दो परिब्बाजको आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''लाभा वो, आवुसो आनन्द; सुलद्धं वो, आवुसो आनन्द, ये [R.153] एत्थ सत्थु सम्मुखा अन्तेवासिकाभिसेकेन अभिसित्ता'' ति। अलत्थ खो सुभद्दो परिब्बाजको भगवतो सन्तिके पब्बज्जं अलत्थ उपसम्पदं। अचिरूपसम्पन्नो खो पनायस्मा सुभद्दो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव --यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति, तदनुत्तरं--ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि।''खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं नापरं इत्थत्ताया'' ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो खो पनायस्मा सुभद्दो अरहतं अहोसि। सो भगवतो पच्छिमो सक्खिसावको अहोसी ति॥

पञ्चमो भाणवारो॥

तथागतस्सपच्छिमावाचा

[R.154] ८९. अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''सिया खो पनानन्द, तुम्हाकं एवमस्स—'अतीतसत्थुकं पावचनं। नत्थि नो सत्था' ति। न खो पनेतं, आनन्द, एवं दट्ठब्बं।

वर्ष तक भी प्रतीक्षा कर सकता हूँ। चार वर्ष बीतने के बाद ही भिक्षु मुझे प्रव्रज्या उपसम्पदा देंगे– यही मेरे लिये हर्ष की बात होगी।"

तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द को आदेश दिया कि "सुभद्र को प्रव्रजित (दीक्षाहेतु व्यवस्था) करो।" "अच्छा, भन्ते!" कहकर आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् का आदेश स्वीकार किया।

तब सुभद्र परिव्राजक ने आयुष्मान् आनन्द से यों कहा– "आयुष्मन् आनन्द! तुम्हें बहुत अधिक लाभ मिला है, तुम्हें बहुत अच्छा सुयोग मिला है कि तुम सब शास्ता के सम्मुख अन्तेवासी (=शिष्य) के रूप में अभिषिक्त हो चुके हो।"

सुभद्र परिव्राजक ने भगवान् से प्रव्रज्या पायी, उपसम्पदा पायी। उपसम्पन्न होने के कुछ ही समय बाद आयुष्मान् सुभद्र....आत्मसंयमी होकर साधना करते हुए शीघ्र ही, जिसके लिये कुलपुत्र....प्रव्रजित होते हैं, उस अनुत्तर ब्रह्मचर्यफल को इसी जन्म में स्वयं जानकर साक्षात्कार कर, प्राप्त कर, साधना में रत रहे। अन्त में ये सुभद्र भी ज्ञानियों में से एक हुए। ये सुभद्र भगवान् सबसे अन्तिम (=पश्चिम) साक्षात् श्रावक (सक्खिसावक[1]) हुए।।

पञ्चम भाणवार समाप्त।।

तथागत की अन्तिम वाणी (देशना)

८९. तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से कहा– (१) "आनन्द! सम्भवतः तुम्हें यह लगे– 'यह वचन तो अतीत शास्ता (चले गये गुरु) का है, (अब) हमारा कोई शास्ता नहीं है।' आनन्द! ऐसा विचार

---

१. अट्ठकथा के अनुसार 'सक्खिसावक' का अर्थ है– जो भगवान् के रहते (परिनिर्वाण से पूर्व) उनके सम्मुख ही अर्हत् प्राप्त कर ले।

***विशेष :** ये सुभद्र परिव्राजक अञ्ञासिकोण्डञ्ञ (धर्मचक्रप्रवर्तन के समय बने पाँच भिक्षुओं में एक) स्थविर के सहोदर भ्राता थे– ऐसा अट्ठकथाकार बतलाते हैं।*

यो वो, आनन्द, मया धम्मो च विनयो च देसितो पञ्ञत्तो, सो वो ममच्चयेन सत्था। [B.127] यथा खो पनानन्द, एतरहि भिक्खू अञ्ञमञ्ञं आवुसोवादेन समुदाचरन्ति, न खो ममच्चयेन एवं समुदाचरितब्बं। थेरतरेन, आनन्द, भिक्खुना नवकतरो भिक्खु नामेन वा गोत्तेन वा आवुसोवादेन वा समुदाचरितब्बो। नवकतरेन भिक्खुना थेरतरो भिक्खु 'भन्ते' ति वा 'आयस्मा' ति वा समुदाचरितब्बो। आकङ्खमानो, आनन्द, सङ्घो ममच्चयेन खुद्दानुखुद्दकानि सिक्खापदानि समूहनतु। छन्नस्स, आनन्द, भिक्खुनो ममच्चयेन ब्रह्मदण्डो दातब्बो'' ति।

''कतमो पन, भन्ते, ब्रह्मदण्डो'' ति?

''छन्नो, आनन्द, भिक्खु यं इच्छेय्य तं वदेय्य, सो भिक्खूहि नेव वत्तब्बो न ओवदितब्बो न अनुसासितब्बो'' ति।

९०. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''सिया खो पन, भिक्खवे, एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा, पुच्छथ, [R.155] भिक्खवे, मा पच्छा विप्पटिसारिनो अहुवत्थ—'सम्मुखीभूतो नो सत्था अहोसि, [N.119] न मयं सक्खिम्हा भगवन्तं सम्मुखा पटिपुच्छितुं' '' ति। एवं वुत्ते, ते भिक्खू तुण्ही अहेसुं। दुतियं पि खो भगवा....पे०....ततियं पि खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''सिया खो पन, भिक्खवे, एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा, पुच्छथ, भिक्खवे, मा पच्छा विप्पटिसारिनो अहुवत्थ—'सम्मुखीभूतो नो सत्था अहोसि, न मयं सक्खिम्हा भगवन्तं सम्मुखा पटिपुच्छितुं' '' ति। ततियं पि खो ते भिक्खू तुण्ही अहेसुं। अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''सिया खो पन, भिक्खवे, सत्थुगारवेन पि न पुच्छेय्याथ। सहायको पि, भिक्खवे, सहायकस्स आरोचेतू'' ति। एवं वुत्ते, ते भिक्खू तुण्ही अहेसुं।

मन में न लाना। मैंने जो तुम्हें अब तक धर्म और विनय के जो उपदेश किये हैं प्रज्ञप्त किये हैं, वही मेरे बाद, तुम्हारे शास्ता (गुरु) होंगे। (२) आनन्द! भिक्षु जैसे आज कल (मेरे सामने) एक दूसरे को 'आयुष्मन्' कहकर सम्बोधन करते हैं, मेरे परिनिर्वाण के बाद, ऐसा न करें। अपितु आनन्द! स्थविर भिक्षु अपनी अपेक्षा नये भिक्षु को नाम, गोत्र या 'आयुष्मन्' कहकर सम्बोधन करें और नये भिक्षु अपने से अपेक्षाकृत 'स्थविर' को 'भन्ते' या 'आयुष्मन्' कहकर सम्बोधन करें। (३) इच्छा हाने पर सङ्घ मेरे बाद छोटे–छोटे (क्षुद्र–अनुक्षुद्र) शिक्षापदों (भिक्षुनियमों) को छोड़ दे। (४) और आनन्द! मेरे बाद छन्न नामक भिक्षु को ब्रह्मदण्ड करना चाहिये।''

''भन्ते! यह 'ब्रह्मदण्ड' क्या है?''

''आनन्द! छन्न भिक्षु अन्य भिक्षुओं को जो कुछ भी कहे; परन्तु भिक्षुओं को उसके उत्तर में न कुछ बोलना चाहिये, न कुछ अनुशासन या आदेश ही करना चाहिये।''

९०. तब भगवान् ने भिक्षुओं को सम्बोधित किया— ''भिक्षुओ! यदि तुम में किसी एक को भी बुद्ध, धर्म या सङ्घ, मार्ग या उपाय के विषय में कोई सन्देह हो, आकांक्षा हो, शङ्का हो तो उसका अभी मुझसे पूछकर निराकरण कर लो। बाद में तुम्हें यह पश्चात्ताप न हों कि 'शास्ता हमारे सम्मुख भी थे, परन्तु उनसे हम कुछ पूछ न सके'।'' भगवान् द्वारा ऐसा कहने पर सभी भिक्षु चुप रहे। (किसी ने कुछ नहीं पूछा।) भगवान् ने दूसरी बार भी....तीसरी बार भी....चुप रहे। तब भगवान् ने भिक्षुओं से कहा–''तुम में से

अथ खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"अच्छरियं, भन्ते, अब्भुतं, भन्ते! एवं पसन्नो अहं, भन्ते, इमस्मिं भिक्खुसङ्घे, नत्थि एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा" ति।

"पसादा खो त्वं, आनन्द, वदेसि। ञाणमेव हेत्थ, आनन्द, तथागतस्स। नत्थि इमस्मिं भिक्खुसङ्घे एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा। इमेसं हि, आनन्द, पञ्चन्नं भिक्खुसतानं यो पच्छिमको भिक्खु सो सोतापन्नो अविनिपातधम्मो नियतो सम्बोधिपरायणो" ति।

[B.128, R.156] ९१. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"हन्द दानि, भिक्खवे, आमन्तयामि वो—वयधम्मा सङ्खारा, अप्पमादेन सम्पादेथा" ति। अयं तथागतस्स पच्छिमा वाचा।

परिनिब्बुतकथा

९२. अथ खो भगवा पठमं झानं समापज्जि। पठमज्झाना वुट्ठहित्वा दुतियं झानं समापज्जि। दुतियज्झाना वुट्ठहित्वा ततियं झानं समापज्जि। ततियज्झाना वुट्ठहित्वा चतुत्थं झानं समापज्जि। चतुत्थज्झाना वुट्ठहित्वा आकासानञ्चायतनं समापज्जि। आकासानञ्चायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा विञ्ञाणञ्चायतनं समापज्जि। विञ्ञाणञ्चायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा आकिञ्चञ्ञायतनं समापज्जि। आकिञ्चञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समापज्जि। नेवसञ्ञानासञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जि।

[N.120] अथ खो आयस्मा आनन्दो आयस्मन्तं अनुरुद्धं एतदवोच—"परिनिब्बुतो, भन्ते अनुरुद्ध, भगवा" ति।

कोई भिक्षु स्वयं मुझसे सङ्कोच करता हो तो अपने साथी की सहायता से पूछ कर अपना सन्देह निवृत्त कर ले।" भगवान् द्वारा ऐसा कहने पर भी सभी भिक्षु चुप रहे।

तब आयुष्मान् आनन्द भगवान् से यों निवेदन करने लगे— "भन्ते! आज मुझे इस सङ्घ के प्रति यह देखकर अत्यन्त श्रद्धा हो रही है कि इस (इतने बड़े) भिक्षुसङ्घ में एक भी भिक्षु ऐसा नहीं है जिसे बुद्ध, धर्म, सङ्घ, मार्ग या उपाय के विषय में कोई शङ्का, सन्देह या वैमत्य (मतभेद) हो।"

"आनन्द! तुम तो श्रद्धापूर्वक ऐसा कह रहे हो; परन्तु तथागत इसे प्रत्यक्ष जानते हैं कि इस भिक्षुसङ्घ में उपस्थित एक भी भिक्षु को बुद्ध, धर्म, सङ्घ, मार्ग या आचरण के विषय में कोई भी, शङ्का, सन्देह, आकांक्षा या वैमत्य नहीं है। इन पाँच सौ भिक्षुओं में पश्चिमक (सबसे अन्त में प्रव्रज्या प्राप्त) भिक्षु भी स्रोतआपन्न, दुर्गति में न पड़ने वाला, नियत सम्बोधि प्राप्त करने वाला होगा।"

९१. तब भगवान् ने अन्तिम उपदेश किया— "भिक्षुओ! सभी संस्कार व्यय-स्वभाव वाले (नाश वाले) हैं अतः उनके लिये न दौड़कर उनसे छुटकारा पाने के लिये अप्रमाद (सावधानता) पूर्वक प्रयत्न करो।" यही तथागत की अन्तिम वाणी (उपदेश) है।

परिनिर्वाण

९२. तब भगवान् प्रथम ध्यान को प्राप्त हुए। फिर प्रथम ध्यान से उठकर द्वितीय ध्यान को प्राप्त हुए। ...तृतीय ध्यान को....। ....चतुर्थ ध्यान को....। ...आकाशानन्त्यायतन को....। ...विज्ञानानन्त्यायतन को....। ....आकिञ्चन्यायतन को....। ....नैवसंज्ञानासंज्ञायतन को....। .... संज्ञावेदयितनिरोध को प्राप्त हुए।

''नावुसो आनन्द, भगवा परिनिब्बुतो, सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नो'' ति।

अथ खो भगवा सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठहित्वा नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समापज्जि। नेवसञ्ञानासञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा आकिञ्चञ्ञायतनं समापज्जि। आकिञ्चञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा विञ्ञाणञ्चायतनं समापज्जि। विञ्ञाणञ्चायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा आकासानञ्चायतनं समापज्जि। आकासानञ्चायनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा चतुत्थं झानं समापज्जि। चतुत्थज्झाना वुट्ठहित्वा ततियं झानं समापज्जि। ततियज्झाना वुट्ठहित्वा दुतियं झानं समापज्जि। दुतियज्झाना वुट्ठहित्वा पठमं झानं समापज्जि। पठमज्झाना वुट्ठहित्वा दुतियं झानं समापज्जि। दुतियज्झाना वुट्ठहित्वा ततियं झानं समापज्जि। ततियज्झाना वुट्ठहित्वा चतुत्थं झानं समापज्जि। चतुत्थज्झाना वुट्ठहित्वा समनन्तरा भगवा परिनिब्बायि।

९३. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, महाभूमिचालो अहोसि भिंसनको सलोमहंसो। देवदुन्दुभियो च फलिंसु। परिनिब्बुते भगवति सह परिनिब्बाना, ब्रह्मा [R.157] सहम्पति इमं गाथं अभासि—

''सब्बेव निक्खिपिस्सन्ति, भूता लोके समुस्सयं। [B.129]
यत्थ एतादिसो सत्था, लोके अप्पटिपुग्गलो।
तथागतो बलप्पत्तो, सम्बुद्धो परिनिब्बुतो'' ति॥

९४. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, सक्को देवानमिन्दो इमं गाथं अभासि—

''अनिच्चा वत सङ्खारा, उप्पादवयधम्मिनो।
उप्पज्जित्वा निरुज्झन्ति, तेसं वूपसमो सुखो'' ति।

९५. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, आयस्मा अनुरुद्धो इमा गाथायो अभासि—

तब आयुष्मान् आनन्द ने आयुष्मान् अनुरुद्ध से पूछा— ''क्या भगवान् परिनिर्वृत हो गये?'' ''नहीं, आयुष्मन् आनन्द! भगवान् परिनिर्वृत नहीं हुए। वे तो संज्ञावेदयितनिरोध समापत्ति (सभी ध्यानों से ऊपर की समाधि) से समापन्न हैं।''

तब भगवान् प्रतिलोम क्रम से संज्ञावेदयितनिरोधसमापत्ति से उठ कर पुनः नैवसंज्ञानासंज्ञायतन को प्राप्त हुए। फिर वे नैवसंज्ञानासंज्ञायतन से उठकर ....। ....आकिञ्चन्यायतन....। ....विज्ञानानन्त्यायतन....। ....आकाशानन्त्यायतन....। ....चतुर्थ ध्यान....। ....तृतीय ध्यान....। ...द्वितीय ध्यान....। ....प्रथम ध्यान को....। द्वितीय ध्यान को....। तृतीय ध्यान को....। ....चतुर्थ ध्यान को प्राप्त हुए। वे चतुर्थ ध्यान से उठने के अनन्तर (तत्काल ही) परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

९३. भगवान् के परिनिर्वृत हाने के साथ ही भीषण, लोमहर्षक महान् भूकम्प हुआ। दिव्य दुन्दुभियाँ बज उठीं। (क)

भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ ही, ब्रह्मा सहम्पति ने यह गाथा कही—

''संसार के सभी लोभ (एक न एक दिन) जीवन की ऊँचाई से (नीचे की तरफ) गिरेंगे ही। जबकि लोक में ऐसे अद्वितीय पुरुष बलप्राप्त तथागत शास्ता बुद्ध भी परिनिर्वाण को प्राप्त हो गये।'' (ख)

९४. भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ देवेन्द्र शक्र ने यह गाथा कही—

'अरे! सभी संस्कार (= उत्पन्न वस्तुएँ) उत्पन्न और नष्ट होने वाले हैं। जो उत्पन्न होकर नष्ट (निरुद्ध) होते हैं, उनका उपशान्त रहना ही सुख है। (ग)

"नाहु अस्सासपस्सासो, ठितचित्तस्स तादिनो।
अनेजो सन्तिमारब्भ, यं कालमकरी मुनि॥
"असल्लीनेन चित्तेन, वेदनं अज्झवासयि।
पज्जोतस्सेव निब्बानं, विमोक्खो चेतसो अहू" ति॥

९६. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, आयस्मा आनन्दो इमं गाथं अभासि–

[N.121] "तदासि यं भिंसनकं, तदासि लोमहंसनं।
सब्बाकारवरूपेते, सम्बुद्धे परिनिब्बुते" ति॥

९७. परिनिब्बुते भगवति, ये ते तत्थ भिक्खू अवीतरागा अप्पेकच्चे बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति–"अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो [R.158] परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो" ति। ये पन ते भिक्खू वीतरागा ते सता सम्पजाना अधिवासेन्ति–"अनिच्चा वत सङ्खारा, तं कुतेत्थ लब्भा" ति।

९८. अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो भिक्खू आमन्तेसि–"अलं, आवुसो, मा सोचित्थ, मा परिदेवित्थ। ननु एतं, आवुसो, भगवता पटिकच्चेव अक्खातं–'सब्बेहेव पियेहि मनापेहि नानाभावो विनाभावो अञ्ञथाभावो'। ते कुतेत्थ, आवुसो, लब्भा। यं तं जातं भूतं सङ्खतं [B.130] पलोकधम्मं तं वत मा पलुज्जी ति नेतं ठानं विज्जति। देवता, आवुसो, उज्झायन्ती" ति।

---

९५. भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ ही, आयुष्मान् अनुरुद्ध ने यह गाथा कही–

"स्थिरचित्त तथागत को अब श्वास–प्रश्वास नहीं रहा। शान्ति के लिये, बिना किसी कम्पन के, मुनि ने यह देहपात किया।।

अनासक्त चित्त से मुनि ने देवताओं को शान्त किया। तैल के न रहने पर दीपक के निर्वाण (बुझना) की तरह मुनि की चित्तविमुक्ति हो गी।।" (घ)

९६. भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ ही, आयुष्मान् आनन्द ने यह गाथा कही–

"उस सर्वविधरूपसम्पन्न तथागत के परिनिर्वृत होने पर भयानक रोमहर्ष हुआ।।" (ङ)

९७. भगवान् के परिनिवृत होने पर वहाँ उपस्थित कुछ भिक्षु, जिनका राग पूर्णतः क्षीण नहीं हो पाया था, अपनी भुजाएँ पकड़–पकड़ कर रोने लगे, भूमि पर पछाड़ खा–खा कर गिरने लगे, वहीं लोट–पोट हाते हुए यह कह–कहकर बिलखने लगे कि भगवान् बहुत जल्दी चले गये! सुगत बहुत शीघ्र कालकवलित हो गये! हमारा धर्मचक्षु (धर्ममार्गोपदेशक) हम से बहुत शीघ्र बिछुड़ गया! परन्तु जो भिक्षु वीतराग थे वे स्मृति–सम्प्रजन्य के साथ यही विचार कर भगवान् के वियोग के लिये अपने को सन्तोष देने लगे कि "ये संस्कार तो सर्वथा अनित्य हैं, उनका सातत्य किसे कब सुलभ रहा है!"

९८. तब आयुष्मान् अनुरुद्ध ने भिक्षुओं को समझाना प्रारम्भ किया– "रहने दो, भिक्षुओ! अधिक शोक–विलाप न करो। आयुष्मानो! भगवान् ने तो यह पहले ही कह दिया था– 'सभी प्रिय वस्तुओं से एक न एक दिन वियोग होना ही है, उनसे अन्यथाभाव होना ही है। वे सदा हमें कैसे मिलती रहेंगी'। जो कुछ भी उत्पन्न है, संस्कृत (कृत्रिम) है विनाशशील है वह एक न एक दिन नष्ट न हो– यह कैसे सम्भव है! हम अपनी बात छोड़ें। भगवान् के परिनिर्वाण से तो इस समय देवता भी खिन्न हैं।"

"कथम्भूता पन, भन्ते, आयस्मा अनुरुद्धो देवता मनसि करोती" ति?

"सन्तावुसो आनन्द, देवता आकासे पथवीसञ्ञिनियो केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टान्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो' ति। सन्तावुसो आनन्द, देवता पथविया पथवीसञ्ञिनियो केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो' ति। या पन ता देवता वीतरागा ता सता सम्पजाना अधिवासेन्ति—'अनिच्चा सङ्खारा, तं कुतेत्थ लब्भा' " ति। अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो आयस्मा च आनन्दो तं रत्तावसेसं धम्मिया कथाय वीतिनामेसुं।

९९. अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—"गच्छावुसो आनन्द, कुसिनारं पविसित्वा कोसिनारकानं मल्लानं आरोचेहि—'परिनिब्बुतो, वासेट्ठा, भगवा। यस्स दानि कालं मञ्ञथा' " ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो आयस्मतो [R.159] अनुरुद्धस्स पटिस्सुत्वा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय अत्तदुतियो कुसिनारं पाविसि। तेन खो पन समयेन कोसिनारका मल्ला सन्धागारे सन्निपतिता होन्ति तेनेव करणीयेन। [N.122] अथ खो आयस्मा आनन्दो येन कोसिनारकानं मल्लानं सन्धागारं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा कोसिनारकानं मल्लानं आरोचेसि—"परिनिब्बुतो, वासेट्ठा, भगवा। यस्स दानि कालं मञ्ञथा" ति। इदमायस्मतो आनन्दस्स वचनं सुत्वा मल्ला च मल्लपुत्ता च मल्लसुणिसा च मल्लपजापतियो च अघाविनो दुम्मना चेतोदुक्खसमप्पिता अप्पेकच्चे केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खु लोके अन्तरहितो' ति।

(आनन्द ने पूछा—) "भन्ते! आप अनुरुद्ध उन देवताओं को कैसी स्थिति में देख रहे हैं?"

"आयुष्मन् आनन्द! हैं वहाँ कुछ ऐसे भी देवता जो भगवान् के वियोग में आकाश को पृथ्वी समझ कर वहाँ अपने शिर के बाल बिखेरकर, बाँह पकड़कर रो रहे हैं, कटे वृक्ष की तरह गिर रहे हैं, इधर उधर लोट–पोट हो रहे हैं और कह रहे हैं कि– 'भगवान् इतना शीघ्र क्यों चले गये! सुगत इतना शीघ्र क्यों लुप्त हो गये! धर्मचक्षु इतना शीघ्र क्यों अन्तर्हित हो गया'। आयुष्मन् आनन्द! इस पृथ्वी पर भगवान् के दर्शन हेतु आगत देवताओं में से भी कुछ अवीतराग अपने बाल बिखेर कर....अन्तर्हित हो गया! ....। इस तरह आयुष्मान् अनुरुद्ध एवं आयुष्मान् आनन्द ने अवशिष्ट रात्रिपर्यन्त धार्मिक कथाएँ कहते–सुनते वह समय बिताया।

९९. तब आयुष्मान् अनुरुद्ध ने आयुष्मान् आनन्द से कहा– "आयुष्मन् आनन्द! जाओ और कुशीनारा में प्रवेश कर वहाँ के निवासी मल्लों से कहा– 'वासिष्ठो! भगवान् का परिनिर्वाण हो गया है, अब जैसा लोग उचित समझें।" "अच्छा, भन्ते!" कहकर आनन्द ने, आयुष्मान् अनुरुद्ध को उत्तर देते हुए, प्रातःकाल ही तय्यार होकर पात्र–चीवर ले, एकाकी ही कुशीनारा में प्रविष्ट हुए। उस समय कुशीनारा के प्रायः सभी मल्ल किसी कार्यविशेष से कुशीनारा के पञ्चायत–भवन में एकत्र थे। तब आयुष्मान् आनन्द उस पञ्चायत–भवन गये और वहाँ पहुँचकर उन एकत्र मल्लों से कहा– "वासिष्ठो! भगवान् परिनिर्वृत हो गये हैं।

२४. बुद्धसरीरपूजा

[B.131] १००. अथ खो कोसिनारका मल्ला पुरिसे आणापेसुं—"तेन हि, भणे, कुसिनारायं गन्धमालं च सब्बं च ताळावचरं सन्निपातेथा" ति। अथ खो कोसिनारका मल्ला गन्धमालं च सब्बं च ताळावचरं पञ्च च दुस्सयुगसतानि आदाय येन उपवत्तनं मल्लानं सालवनं येन भगवतो सरीरं तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता चेलवितानानि करोन्ता मण्डलमाळे पटियादेन्ता एकदिवसं वीतिनामेसुं।

अथ खो कोसिनारकानं मल्लानं एतदहोसि—"अतिविकालो खो अज्ज भगवतो सरीरं झापेतुं। स्वे दानि मयं भगवतो सरीरं झापेस्सामा" ति। अथ खो कोसिनारका मल्ला भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता चेलवितानानि करोन्ता मण्डलमाळे पटियादेन्ता दुतियं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... ततियं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... चतुत्थं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... पञ्चमं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... छट्ठं पि दिवसं वीतिनामेसुं।

[R.160] अथ खो सत्तमं दिवसं कोसिनारकानं मल्लानं एतदहोसि—"मयं भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता दक्खिणेन दक्खिणं नगरस्स हरित्वा बाहिरेन बाहिरं दक्खिणतो नगरस्स भगवतो सरीरं झापेस्सामा" ति।

१०१. तेन खो पन समयेन अट्ठ मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था

अब आप लोग जैसा उचित समझें।" आयुष्मान् आनन्द से यह सुनकर वहाँ एकत्र मल्ल, मल्लपुत्र, मल्लों की सास एवं बहुएँ सभी दुःखी हो....पूर्ववत्....धर्मचक्षु बहुत शीघ्र अन्तर्हित हो गये।

२४. बुद्धशरीर–पूजा

१००. तब कुशीनारा के मल्लों ने कुछ पुरुषों को आज्ञा दी– "तो, भाइयो! तुम जाओ, और कुशीनारा से एकत्र हो सकने योग्य सभी गन्ध–द्रव्य (घृत चन्दन आदि), माल्य एवं वाद्य एकत्र करो।" तब कुशीनारा के वे पुरुष कुशीनारा में (प्राप्य) सभी गन्धद्रव्य, मालाएँ एवं वाद्ययन्त्र तथा पाँच सौ दुशालों को लेकर जहाँ उपवत्तन (वर्तमान–माथा कुँअर) शालवन था, जहाँ भगवान् का शरीर रखा हुआ ता; वहाँ पहुँचे। पहुँचकर उन्होंने भगवान् के शरीर का नृत्य, गीत, वाद्य, माला, गन्ध-विलेपन से सत्कार करते, गौरव करते, मानते–पूजते, रंग–बिरंगे वस्त्रों का वितान (चँदवा) बनाते हुए, मण्डप बनाते समग्र दिन बिता दिया।

तब कुसीनारा के उन मल्लों को यह विचार हुआ– "आज तो भगवान् के शरीर की दाहक्रिया के लिये बहुत कुसमय (विकाल) हो गया। अब कल यह दाह–संस्कार होगा।" तब दूसरे दिन भी कुशीनारा वासी उन मल्लों ने भगवान् के शरीर नृत्य, गीत, वाद्य....पूर्ववत्....अब कल यह दाह-क्रिया होगी। तीसरा दिन भी...चतुर्थ दिन भी...पञ्चम दिन भी...षष्ठ दिन भी...दाह–संस्कार होगी।"

तब सातवें दिन कुसीनारा मल्लों ने विचार किया– "हम भगवान् के शरीर को नृत्य, गीत वाद्य से...मानते–पूजते हुए दक्षिणदिशा से बाहर ही बाहर जाकर नगर की दक्षिण दिशा में ले जाकर इस शरीर का दाह–संस्कार करें।"

१०१. उस समय उन मल्लों के आठ प्रमुख पुरुष शिर से स्नान कर नये वस्त्र पहन कर "हम

"मयं भगवतो सरीरं उच्चारेस्सामा" ति न सक्कोन्ति उच्चारेतुं। अथ खो कोसिनारका [N.123] मल्ला आयस्मन्तं अनुरुद्धं एतदवोचुं—"को नु खो, भन्ते अनुरुद्ध, हेतु, को पच्चयो, येनिमे अट्ठ मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था, 'मयं भगवतो सरीरं उच्चारेस्सामा' ति, न सक्कोन्ति उच्चारेतुं" ति?

"अञ्ञथा खो, वासेट्ठा, तुम्हाकं अधिप्पायो, अञ्ञथा देवतानं अधिप्पायो" ति।

"कथं पन, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो" ति?

"तुम्हाकं खो, वासेट्ठा, अधिप्पायो—'मयं भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि [B.132] वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता दक्खिणेन दक्खिणं नगरस्स हरित्वा बाहिरेन बाहिरं दक्खिणतो नगरस्स भगवतो सरीरं झापेस्सामा' ति; देवतानं खो, वासेट्ठा, अधिप्पायो—'मयं भगवतो सरीरं दिब्बेहि नच्चेहि गीतेहि वादितेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता उत्तरेन उत्तरं नगरस्स हरित्वा उत्तरेन द्वारेन नगरं पवेसेत्वा मज्झेन मज्झं नगरस्स हरित्वा पुरत्थिमेन द्वारेन निक्खमित्वा पुरत्थिमतो नगरस्स मकुटबन्धनं नाम मल्लानं चेतियं एत्थ भगवतो सरीरं झापेस्सामा'" ति।

"यथा, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो तथा होतू" ति।

१०२. तेन खो पन समयेन कुसिनारा याव सन्धिसमलसङ्कटीरा जण्णुमत्तेन [R.161] ओधिना मन्दारपुप्फेहि सन्थता होति। अथ खो देवता च कोसिनारका च मल्ला भगवतो सरीरं दिब्बेहि च मानुसकेहि च नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता उत्तरेन उत्तरं नगरस्स हरित्वा उत्तरेन द्वारेन नगरं पवेसेत्वा मज्झेन मज्झं

भगवान् के शरीर को उठायेंगे"— यह निश्चय कर उसे उठाने लगे। परन्तु (बहुत शक्ति लगाने पर भी) वे उसे उठा न सके। तब उन मल्लों ने आयुष्मान् अनुरुद्ध से पूछा— "भन्ते अनुरुद्ध! क्या कारण है, क्या प्रत्यय है कि हम आठ मल्ल पुरुष शीर्ष स्नान कर नये वस्त्र पहनकर शुद्धता से मिलकर. पूरी शक्ति लगाकर चाह कर भी इस शरीर को उठा नहीं पा रहे हैं?

"वासिष्ठो! तुम्हारे मन में कुछ और है, देवताओं के मन में कुछ और। तब यह शरीर तुम से कैसे उठेगा?"

"भन्ते! देवताओं के मन में क्या है?"

"वासिष्ठो! तुम चाहते हो कि हम भगवान् के शरीर को नगर के दक्षिण दक्षिण ले जाकर बाहर बाहर नगर के दक्षिण तरफ भगवान् के शरीर का दाह–संस्कार करें। उधर देवताओं का विचार है कि हम भगवान् के शरीर को दिव्य नृत्य, वाद्य....के साथ सत्कार करते....मानते–पूजते नगर के उत्तर उत्तर ले जाकर उत्तर द्वार से नगर में प्रवेश कर नगर के मध्य में घुमाते हुए पूर्व द्वार से निकल कर पूर्व दिशा की ओर मुकुटबन्धन नामक मल्लों के चैत्य (देवस्थान) में भगवान् के शरीर का दाह–संस्कार करें।"

(मल्लों ने कहा–) "तो, भन्ते! देवताओं का चाहा हुआ (इच्छा) ही पूर्ण हो।"

१०२. उस समय कुशीनारा के घरों के सन्धि स्थान, मैला फेंकने के स्थान, कूड़ा फेंकने के स्थान के साथ गली–सड़कों पर सभी जगह घुटने भर ऊँचे मन्दारव (पारिजात) फूलों की राशि बिछ गयी। तब देवता और कुशीनारा के मल्ल– सबने मिलकर भगवान् के शरीर को गीत, वाद्य, माला, गन्धद्रव्यों से सत्कार करते....मानते–पूजते, उत्तर से उत्तर नगर में ले जाकर, सम्पूर्ण नगर में घुमा कर

नगरस्स हरित्वा पुरत्थिमेन द्वारेन निक्खमित्वा पुरत्थिमतो नगरस्स मकुटबन्धनं नाम मल्लानं चेतियं एत्थ च भगवतो सरीरं निक्खिपिंसु।

१०३. अथ खो कोसिनारका मल्ला आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोचु—"कथं मयं, भन्ते आनन्द, तथागतस्स सरीरे पटिपज्जामा" ति?

"यथा खो, वासेट्ठा, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ति, एवं तथागतस्स सरीरे पटिपज्जितब्बं" ति।

[N.124] "कथं पन, भन्ते आनन्द, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ती' ति?

"रञ्ञो, वासेट्ठा, चक्कवत्तिस्स सरीरं अहतेन वत्थेन वेठेन्ति, अहतेन वत्थेन वेठेत्वा विहतेन कप्पासेन वेठेन्ति, विहतेन कप्पासेन वेठेत्वा अहतेन वत्थेन वेठेन्ति। एतेन उपायेन पञ्चहि युगसतेहि रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरं वेठेत्वा, आयसाय तेलदोणिया पक्खिपित्वा अञ्ञिस्सा आयसाय दोणिया पटिकुज्जित्वा, सब्बगन्धानं चितकं करित्वा रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरं झापेन्ति। चातुमहापथे रञ्ञो चक्कवत्तिस्स थूपं करोन्ति। एवं खो, वासेट्ठा, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे [B.133] पटिपज्जन्ति। यथा खो, वासेट्ठा, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ति, एवं तथागतस्स सरीरे पटिपज्जितब्बं। चातुमहापथे तथागतस्स थूपो कातब्बो। एत्थ ये मालं वा गन्धं वा चुण्णकं वा आरोपेस्सन्ति वा अभिवादेस्सन्ति वा चित्तं वा पसादेस्सन्ति, तेसं तं भविस्सति दीघरत्तं हिताय सुखाया" ति।

१०४. अथ खो कोसिनारका मल्ला पुरिसे आणापेसुं—"तेन हि, भणे, मल्लानं [R.162] विहतं कप्पासं सन्निपातेथा" ति। अथ खो कोसिनारका मल्ला भगवतो सरीरं अहतेन

फिर पूर्वी द्वार से निकल कर नगर की पूर्व दिशा में मुकुटबन्धन नामक मल्लों के चैत्य पर लाकर रख दिया।

१०३. तब कुशीनारा के मल्लों ने आयुष्मान् आनन्द से पूछा– "अब, आयुष्मान् आनन्द! भगवान् के शरीर का दाह–संस्कार कैसे करें?"

"वासिष्ठो! जैसे चक्रवर्ती राजाओं के शरीर का दाह–संस्कार किया जाता है, वैसे ही आप भगवान् के इस शरीर का भी दाह–संस्कार करें।"

"तो, भन्ते! चक्रवर्ती राजा के शरीर का दाह–संस्कार कैसे किया जाता है?

"वासिष्ठो! राजा चक्रवर्ती शरीर को लोग नये (अहत) वस्त्र से लपेटते हैं, अहत वस्त्र से लपेटकर धुनी हुई रूई से लपेटते हैं, यों, इस रूई और कपड़े को पाँच सौ बार लपेटकर राजा चक्रवर्ती के शरीर को तैल से भरी आयस (सोने, ताम्बे या लोहे की) द्रोणी (नौका की तरह बनी हुई) में रखकर, दूसरी खाली द्रोणी से ढककर, सभी (चन्दन आदि) गन्ध–द्रव्यों की चिता पर रखकर उसे जलाते हैं। जलाने के बाद (नगर के) बड़े चौराहे पर उस चक्रवर्ती का स्तूप (स्मृति–स्तम्भ) बनाते हैं। वासिष्ठो! जैसे राजा चक्रवर्ती के शरीर के साथ ये मरणोत्तर सत्कार–क्रियाएँ की जाती हैं, वैसे ही तथागत के शरीर के साथ भी वही मरणोत्तर सत्कार–क्रियाएँ पूर्ण करनी चाहिये। चौराहे पर तथागत का स्तूप बनना चाहिये। उस पर जो श्रद्धालु जन माला, गन्ध, द्रव्य, गन्धचूर्ण आदि चढ़ायेंगे, उसको प्रणाम करेंगे, मन से श्रद्धा करेंगे उनके लिये यह सत्कर्म बहुत काल तक सुख देने वाला तथा हितकारक होगा।"

१०४. तब उन कुशीनारावासी मल्लों ने कुछ पुरुषों को आज्ञा दी– "तो, आप लोग जाओ और

वत्थेन वेठेत्वा विहतेन कप्पासेन वेठेसुं, विहतेन कप्पासेन वेठेत्वा अहतेन वत्थेन वेठेसुं। एतेन उपायेन पञ्चहि युगसतेहि भगवतो सरीरं वेठेत्वा आयसाय तेलदोणिया पक्खिपित्वा अञ्ञिस्सा आयसाय दोणिया पटिकुज्जित्वा सब्बगन्धानं चितकं करित्वा भगवतो सरीरं चितकं आरोपेसुं।

२५. महाकस्सपत्थेरवत्थु

१०५. तेन खो पन समयेन आयस्मा महाकस्सपो पावाय कुसिनारं अद्धानमग्गप्पटिपन्नो होति महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि। अथ खो आयस्मा महाकस्सपो मग्गा ओक्कम्म अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले निसीदि। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो आजीवको कुसिनाराय मन्दारपुप्फं गहेत्वा पावं अद्धानमग्गप्पटिपन्नो होति। अद्दसा खो आयस्मा महाकस्सपो तं आजीवकं दूरतो व आगच्छन्तं। दिस्वा तं आजीवकं एतदवोच—"अपावुसो, अम्हाकं सत्थारं जानासी" ति?

"आमावुसो, जानामि—अज्ज सत्ताहपरिनिब्बुतो समणो गोतमो। ततो मे इदं मन्दारपुप्फं गहितं" ति। तत्थ ये ते भिक्खू अवीतरागा अप्पेकच्चे बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, [N.125] छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो' ति। ये पन ते भिक्खू वीतरागा ते सता सम्पजाना अधिवासेन्ति—'अनिच्चा सङ्खारा, तं कुतेत्थ लब्भा' " ति।

१०६. तेन खो पन समयेन सुभद्दो नाम वुड्ढपब्बजितो तस्सं परिसायं [B.134] निसिन्नो होति। अथ खो सुभद्दो वुड्ढपब्बजितो ते भिक्खू एतदवोच—"अलं, आवुसो, मा सोचित्थ, मा परिदेवित्थ। सुमुत्ता मयं तेन महासमणेन। उपद्दुता च होम—'इदं वो कप्पति,

---

धुनी हुई रूई एकत्र करके लाओ।" (यों रूई एकत्र करने के बाद) कुशीनारा के मल्लों ने भगवान् के शरीर को नये वस्त्र से लपेटा, नये वस्त्र से लपेटने के बाद उसे धुनी हुई रूई से लपेटा। इस पद्धति (उपाय) से पाँच सौ दुहरे बन्धनों से भगवान् के शरीर को लपेटकर, ताम्बे या सोने या लोहे की तैल भरी द्रोणी में उस शरीर को रखकर ऊपर से वैसा ही द्रोणी पर ढक्कन ढककर, सभी गन्धमय द्रव्यों (काष्ठों) की चिता बनाकर, उस पर भगवान् के शरीर (वाली द्रोणी) को रख दिया।

२५. महाकाश्यप स्थविर

१०५. उस समय आयुष्मान् महाकाश्यप पाँच सौ भिक्षुओं के महासङ्घ के साथ पावा नगरी से कुशीनारा के रास्ते पर चारिका कर रहे थे। तब आयुष्मान् महाकाश्यप एक स्थान पर, रास्ते से हटकर एक तरफ किसी वृक्ष के नीचे बैठे थे। उस समय कोई आजीवक कुशीनारा से मन्दारपुष्प लेकर पावा की तरफ रास्ते से जा रहा था। आयुष्मान् महाकाश्यप ने उस आजीवक को दूर रास्ते पर आते हुए देखा। देखकर (पास आने पर) उस आजीवक से पूछा— "आयुष्मन्! क्या तुम हमारे शास्ता के विषय में भी कुछ जानते हो? "हाँ , आयुष्मन्! जानता हूँ। श्रमण गौतम को परिनिर्वृत हुए आज सात दिन बीत चुके हैं। वहीं से मुझे यह मन्दार-पुष्प मिला है।" यह सुनकर वहाँ जो भिक्षु अवीतराग थे वे....कहाँ मिलने वाला है!

१०६. उस समय बुढ़ापे में श्रमण बना सुभद्र नामक कोई भिक्षु बैठा था। उस बुढ़ापे में श्रमण बने सुभद्र ने उन शोकाकुल भिक्षुओं को यों समझाना प्रारम्भ किया— "आयुष्मानो! शोक न करो, न किसी प्रकार का विलाप ही करो। (तुम्हें तो प्रसन्न होना चाहिये कि) अब हम उस महाश्रमण (!) से

इदं वो न कप्पती' ति। इदानि पन मयं यं इच्छिस्साम तं करिस्साम, यं न इच्छिस्साम न तं करिस्सामा'' ति। अथ खो आयस्मा महाकस्सपो भिक्खू आमन्तेसि—''अलं, आवुसो, मा [R.163] सोचित्थ, मा परिदेवित्थ। ननु एतं, आवुसो, भगवता पटिकच्चेव अक्खातं—'सब्बेहेव पियेहि मनापेहि नानाभावो विनाभावो अञ्ञथाभावो। तं कुतेत्थ, आवुसो, लब्भा। यं तं जातं भूतं सङ्खतं पलोकधम्मं तं तथागतस्सा पि सरीरं मा पलुज्जी ति नेतं ठानं विज्जती' '' ति।

१०७. तेन खो पन समयेन चत्तारो मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था—''मयं भगवतो चितकं आळिम्पेस्सामा'' ति न सक्कोन्ति आळिम्पेतुं। अथ खो कोसिनारका मल्ला आयस्मन्तं अनुरुद्धं एतदवोचुं—''को नु खो, भन्ते अनुरुद्ध, हेतु, को पच्चयो, येनिमे चत्तारो मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था—'मयं भगवतो चितकं आळिम्पेस्सामा' ति न सक्कोन्ति आळिम्पेतुं'' ति?

''अञ्ञथा खो, वासेट्ठा, देवतानं अधिप्पायो'' ति।

''कथं पन, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो'' ति?

''देवतानं खो, वासेट्ठा, अधिप्पायो—'अयं आयस्मा महाकस्सपो पावाय कुसिनारं अद्धानमग्गप्पटिपन्नो महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि, न ताव भगवतो चितको पज्जलिस्सति यावायस्मा महाकस्सपो भगवतो पादे सिरसा न वन्दिस्सती' '' ति।

''यथा, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो तथा होतू'' ति।

१०८. अथ खो आयस्मा महाकस्सपो येन कुसिनारा मकुटबन्धनं नाम मल्लानं चेतियं

छुटकारा पा गये हैं। उसने तो हमें सभी समय यह कहकर त्रस्त कर रखा था कि– 'यह करो, यह न करो! यह कर्म तुम्हें उचित है, यह कर्म उचित नहीं।' अब हम जो चाहेंगे वह करेंगे; जो न चाहेंगे वह न करेंगे।'' तब आयुष्मान् महाकाश्यप ने अपने उन साथी भिक्षुओं को समझाया– ''आयुष्मानो! शोक या विलाप न करो! आयुष्मानो! भगवान् ने तो पहले ही कह दिया था कि सभी प्रिय वस्तुओं से एक न एक दिन वियोग होने वाला है ही। .... वे निरन्तर कहाँ उपलब्ध रहने वाली हैं! जो शरीर संस्कृत है....वह नष्ट न हो– यह सम्भव नहीं है।''

१०७. उस समय शिर तक स्नान किये नये वस्त्र धारण किये कुशीनारा के चार मल्ल प्रमुख ये सोचकर कि हम भगवान् की चिता जलायेंगे', परन्तु वे प्रत्येक सम्भव उपाय करके भी उस चिता को नहीं जला पा रहे थे। तब कुशीनारा के उन मल्लो ने आयुष्मान् अनुरुद्ध से पूछा– ''भन्ते! यहाँ क्या हेतु या क्या प्रत्यय है कि ये चार मल्ल प्रमुख सिर से स्नान कर,नये वस्त्र पहन कर (पूर्णतः परिशुद्ध हो) चिता जलाने का निश्चय कर (उनके द्वारा सब तरह का प्रयास करने पर भी) वे चिता नहीं जला पा रहे हैं?

''वासिष्ठो! देवताओं का कुछ दूसरा ही विचार है।''

''भन्ते! देवताओं का क्या विचार है?''

''वासिष्ठो! देवताओं का विचार है कि आयुष्मान् महाकाश्यप बड़े भिक्षुसङ्घ के साथ पावा से कुशीनारा की ओर रास्ते में आ रहे हैं। यह चिता तब तक नहीं जलना प्रारम्भ होगी जब तक वे आयुष्मान् महाकाश्यप भगवान् के चरणों में अपना मस्तक नहीं रख देंगे।

(मल्ल बोले–) ''ठीक है, भन्ते! तब वही होगा जो देवता चाहते हैं।''

येन भगवतो चितको तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा एकंसं चीवरं कत्वा अञ्जलिं [N.126] पणामेत्वा तिक्खत्तुं चितकं पदक्खिणं कत्वा भगवतो पादे सिरसा वन्दि। तानि पि खो पञ्चभिक्खुसतानि एकंसं चीवरं कत्वा अञ्जलिं पणामेत्वा तिक्खत्तुं चितकं पदक्खिणं [R.164] कत्वा भगवतो पादे सिरसा वन्दिंसु। वन्दिते च पनायस्मता महाकस्सपेन तेहि च पञ्चहि भिक्खुसतेहि सयमेव भगवतो चितको पज्जलि।

१०९. झायमानस्स खो पन भगवतो सरीरस्स यं अहोसि छवी ति वा चम्मं [B.135] ति वा मंसं ति वा न्हारू ति वा लसिका ति वा, तस्स नेव छारिका पञ्ञायित्थ न मसि; सरीरानेव अवसिस्सिंसु। सेय्यथापि नाम सप्पिस्स वा तेलस्स वा झायमानस्स नेव छारिका पञ्ञायति न मसि, एवमेव भगवतो सरीस्स झायमानस्स यं अहोसि छवी ति वा चम्मं ति वा मंसं ति वा न्हारू ति वा लसिका ति वा तस्स नेव छारिका पञ्ञायित्थ न मसि, सरीरानेव अवसिस्सिंसु। तेसं च पञ्चन्नं दुस्सयुगसतानं द्वेव दुस्सानि न डय्हिंसु यं च सब्बअब्भन्तरिमं यं च बाहिरं। दड्ढे च खो पन भगवतो सरीरे अन्तलिक्खा उदकधारा पातुभवित्वा भगवतो चितकं निब्बापेसि। उदकसालतो पि अब्भुन्नमित्वा भगवतो चितकं निब्बापेसि। कोसिनारका पि मल्ला सब्बगन्धोदकेन भगवतो चितकं निब्बापेसुं। अथ खो कोसिनारका मल्ला भगवतो सरीरानि सत्ताहं सन्धागारे सत्तिपञ्जरं करित्वा धनुपाकारं परिक्खिपापेत्वा नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करिंसु गरुं करिंसु मानेसुं पूजेसुं।

२६. सरीरधातुविभजनं

११०. अस्सोसि खो राजा मागधो अजातसत्तु वेदहिपुत्तो—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो राजा मागधो अजातसत्तु वेदहिपुत्तो कोसिनारकानं मल्लानं दूतं

---

१०८. तब आयुष्मान् महाकाशयप, जहाँ कुशीनारा में मल्लों का मुकुटबन्धन चैत्य था, जहाँ कि भगवान् की चिता रखी हुई थी, वहाँ पहुँचे। पहुँचकर चीवर को एक कन्धे पर कर, दोनों हाथ जोड़कर, चिता को तीन बार परिक्रमा कर उसमें के चरण खोल कर उन्हें शिर से वन्दना की। उन पाँच सौ भिक्षुओं ने भी एक कन्धे पर चीवर कर करबद्ध प्रणाम कर चिता को तीन बार प्रदक्षिणा कर भगवान् के चरणों में शिर से वन्दना की। आयुष्मान् महाकाश्यप एवं पाँच सौ भिक्षुओं द्वारा प्रणाम करते ही चिता जल उठी।

१०९. चिता में रखे भगवान् के उस शरीर के जल उठने पर उसमें जो छवि (झिल्ली), चर्म, मांस, स्नायु या लसिका थीं वे सब ऐसी जल गयीं कि न उन की राख दिखायी दी न कोयला ही; जैसे कि जलते हुए घी या तैल की न तो राख (छारिका) दिखायी पड़ती है, न कोयला (मसी), इसी तरह....। भगवान् के शरीर पर लपेटे गये उन एक हजार वस्त्रों में से केवल सब से पहला और सब से अन्त का ही वस्त्र नहीं जल पाया। यों, भगवान् का शरीर जल जाने पर, आकाश से दिव्य जलधारा गिरने लगी जिससे वह चिता ठण्ढी हो गयी। उदकशाला से भी जलने स्वयं उठकर चिता को ठण्डा किया। इधर कुशीनारा के मल्लों ने भी सर्वगन्धमिश्रित जल से उस चिता को ठण्ढा किया। तब कुशीनारा के मल्लों ने भगवान् के शरीर की अस्थियों (के अवशेष) को संस्थागार में भाला और धनुष हाथ में लिये पुरुषों का घेरा (वृत्त) बनाकर उसके संरक्षण में रखा। और नृत्य, गीत, वाद्य...द्वारा सत्कार करते रहे....मानते पूजते रहे।

२६. स्तूपनिर्माणहेतु अस्थ्यवशेष का विभजन

११०. राजा मागध अजातशत्रु वैदेहीपुत्र ने सुना कि भगवान् कुशीनारा में परिनिर्वृत हो गये हैं,

पाहेसि—"भगवा पि खत्तियो, अहं पि खत्तियो, अहं पि अरहामि भगवतो सरीरानं भागं, अहं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामी" ति। (१)

अस्सोसुं खो वेसालिका लिच्छवी—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। [R.165] अथ खो वेसालिका लिच्छवी कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (२)

[N.127] अस्सोसुं खो कपिलवत्थुवासी सक्या—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" [B.136] ति। अथ खो कपिलवत्थुवासी सक्या कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा अम्हाकं ञातिसेट्ठो, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (३)

अस्सोसुं खो अल्लकप्पका बुलयो—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो अल्लकप्पका बुलयो कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (४)

अस्सोसुं खो रामगामका कोळिका—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो रामगामका कोळिका कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (५)

अस्सोसि खो वेट्ठदीपको ब्राह्मणो—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो वेट्ठदीपको ब्राह्मणो कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसि—"भगवा पि खत्तियो, अहं पिस्मि ब्राह्मणो, अहं पि अरहामि भगवतो सरीरानं भागं, अहं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्साम" ति। (६)

अस्सोसुं खो पावेय्यका मल्ला—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो पावेय्यका मल्ला कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसि—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया,

---

तो उसने कुशीनारा के मल्लों के पास अपने दूत भेजकर उनसे कहलाया– "भगवान् भी जाति से क्षत्रिय थे, मैं भी क्षत्रिय हूँ, (अत:) मुझे भी भगवान् के शरीर का अस्थ्यवशेष चाहिये। मैं भी भगवान् के उस अस्थ्यवशेष पर स्तूप (स्मृतिस्तम्भ) बनवाकर महोत्सव करवाऊँगा।" (१)

वैशाली के लिच्छवियों ने सुना...पूर्ववत्....महोत्सव करेंगे। (२)

कपिलवस्तु के शाक्यों ने सुना....तो उन्होंने कुशीनारो के मल्लों के पास दूत भेजकर कहलवाया– 'भगवान् हमारे कुल में श्रेष्ठ थे हम भी भगवान् के शरीर पर....महोत्सव करेंगे। (३)

अल्लकप्प के बुलियों ने सुना....महोत्सव करेंगे। (४)

रामग्रामवासी कोलियों ने सुना....महोत्सव करेंगे। (५)

वेठद्वीप के ब्राह्मण ने सुना....महोत्सव करूँगा। (६)

पावा के मल्लों ने सुना....महोत्सव करायेंगे। (७)

मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, अहं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामी'' ति। (७)

१११. एवं वुत्ते, कोसिनारका मल्ला ते सङ्घे गणे एतदवोचुं—''भगवा अम्हाकं [R.166] गामक्खेत्ते परिनिब्बुतो, न मयं दस्साम भगवतो सरीरानं भागं'' ति।

११२. एवं वुत्ते, दोणो ब्राह्मणो ते सङ्घे गणे एतदवोच—

''सुणन्तु भोन्तो मम एकवाचं, अम्हाकं बुद्धो अहु खन्तिवादो। [B.137]
न हि साधु यं उत्तमपुग्गलस्स, सरीरभागे सिया सम्पहारो॥
सब्बेव भोन्तो सहिता समग्गा, सम्मोदमाना करोमट्ठभागे॥ [N.128]
वित्थारिका होन्तु दिसासु थूपा, बहू जना चक्खुमतो पसन्ना'' ति॥

११३. ''तेन हि, ब्राह्मण, त्वञ्ञेव भगवतो सरीरानि अट्ठधा समं सविभत्तं विभजाही'' ति। ''एवं, भो'' ति खो दोणो ब्राह्मणो तेसं सङ्घानं गणानं पटिस्सुत्वा भगवतो सरीरानि अट्ठधा समं सविभत्तं विभजित्वा ते सङ्घे गणे एतदवोच—''इमं मे भोन्तो तुम्बं ददन्तु, अहं पि तुम्बस्स थूपं च महं च करिस्सामी'' ति। अदंसु खो ते दोणस्स ब्राह्मणस्स तुम्बं।

११४. अस्सोसुं खो पिप्पलिवनिया मोरिया—''भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो'' ति। अथ खो पिप्पलिवनिया मोरिया कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—''भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा'' ति।

---

१११. (उन दूतों द्वारा) ऐसा कहे जाने पर, कुशीनारा के मल्लों ने उन सभी सङ्घराज्यों एवं गणराज्यों (के दूतों) को यह उत्तर दिया– ''भगवान् हमारी ग्रामसीमा में परिनिर्वृत हुए हैं, अतः हम भगवान् के शरीर का यह अस्थ्यवशेष किसी अन्य को नहीं देंगे। (अपितु हम ही इस अस्थ्यवशेष पर स्तूप बनाकर इसका सत्कार...मान, पूजा करेंगे।) (८)

११२. (मल्लों द्वारा) ऐसा कहे जाने पर द्रोण ब्राह्मण ने उन सभी सङ्घों एवं गणों के प्रतिनिधियों से निवेदन किया–

''आप सभी मेरी एक नम्र वाणी (विनति) सुनें– हमारे बुद्ध तो क्षान्ति (क्षमा=सहिष्णुता) वादी थे। (उनके लिये या उनके कारण) हम लोगों का यह उचित कर्म नहीं होगा कि उनके इस अस्थ्यवशेष के लिये हम लोग परस्पर कलह या द्वन्द्व करें। यह हमारी सज्जनता पर एक प्रकार का कलङ्क ही होगा।

''अतः आप सब लोक मिल–बैठकर प्रसन्नतापूर्वक कोई उचित निर्णय करते हुए इसके आठ भाग इस तरह कर लें कि प्रदेश के सभी भागों में ये स्तूप बन सकें और उपासकगण भविष्य में भी इनके दर्शन कर पुण्यलाभ कर सकें। उस पुण्य के प्रभाव से वे सुखी (प्रसन्न) रह सकें।''

११३. ''तो, ब्राह्मण! आप ही इन अस्थ्यवशेषों का यथोचित विभाजन कर दें।'' ''अच्छा, जी!'' कहकर उस द्रोण ब्राह्मण ने भगवान् के उन अस्थ्यवशेषों को आठ समान भागों में सुविभक्त कर उन उपस्थित सङ्घों एवं गणों के प्रतिनिधियों से कहा– ''आप इस तूम्बे को मुझे दे दें, मैं इस तूम्बे पर स्मृतिस्तम्भ बनाकर इसका सत्कार....मान, पूजा करूँगा।''

११४. (इस घटना–अस्थ्यवशेष के विभाजन के बाद) पिप्पलीवन के मौर्यों ने सुना कि भगवान् का परिनिर्वाण हो गया है, तो उन पिप्पलीवन के मौर्यों ने अपने दूत यह कर दौड़ाये– ''भगवान् भी क्षत्रिय

''नत्थि भगवतो सरीरानं भागो। विभत्तानि भगवतो सरीरानि। इतो अङ्गारं हरथा'' ति। ते ततो अङ्गारं हरिंसु।

धातुथूपपूजा

११५. अथ खो राजा मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो राजगहे भगवतो सरीरानं थूपं [R.167] च महं च अकासि। वेसालिका पि लिच्छवी वेसालियं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। कपिलवत्थुवासी पि सक्या कपिलवत्थुस्मिं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। अल्लकप्पका पि बुलयो अल्लकप्पे भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। रामगामका [B.138] पि कोळिया रामगामे भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। वेट्ठदीपको पि ब्राह्मणो वेट्ठदीपे भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकासि। पावेय्यका पि मल्ला पावायं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। कोसिनारका पि मल्ला कुसिनारायं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। दोणो पि ब्राह्मणो तुम्बस्स थूपं च महं च अकासि। पिप्पलिवनिया पि मोरिया पिप्पलिवने अङ्गारानं थूपं च महं च अकंसु। इति अट्ठ सरीरथूपा, नवमो, तुम्बथूपो, दसमो अङ्गारथूपो। एवमेतं भूतपुब्बं ति।

[N. 129] ११६. अट्ठदोणं चक्खुमतो सरीरं, सत्तदोणं जम्बुदीपे महेन्ति।
एकं च दोणं पुरिसवरुत्तमस्स, रामगामे नागराजा महेति॥
एका हि दाठा तिदिवेहि पूजिता, एका पन गन्धारपुरे महीयति।
कालिङ्गरञ्ञो विजिते पुनेकं, एकं पन नागराजा महेति॥

थे, हम भी क्षत्रिय है; हम भी चाहते हैं भगवान् अस्थ्यवशेष (के कुछ अंश).... हम उन पर स्मृतिस्तम्भ बनाकर उसका सत्कार....मान, पूजा करते रहें।''

(मल्लों ने उत्तर दिया–) ''अस्थ्यवशेष का तो विभाजन हो चुका है, अब उसमें से कुछ नहीं बचा है। हाँ, ये चिता के बुझे हुए कोयले अवश्य अवशिष्ट हैं, इन्हें आप चाहें तों ले जा सकते हैं।'' वे (मौर्य) वहाँ से कोयले ही ले गये।

धातुस्तूपपूजा

११५. तब राजा मागध अजातशत्रु वैदेहीपुत्र ने राजगृह में,..... वैशाली के लिच्छवियों ने वैशाली में....। कपिलवस्तु के शाक्यों ने कपिलवस्तु में....। अल्लकप्पक बुलियों ने अल्लकप्प में....। रामग्राम के कोलियों ने रामग्राम में....। वेठ द्वीप के ब्राह्मण ने वेठद्वीप में....पावा नगरी के वासी मल्लों ने पावा नगरी में....। तथा कुसीनारा के मल्लों ने कुसीनारा में भगवान् के अस्थ्यवशेषों पर स्तूप बनवाकर महोत्सव किया। द्रोण ब्राह्मण ने तूम्बे पर और पिप्पलीवन के मौर्यों ने अङ्गारों पर ही स्तूप बनवा कर उत्सव मनाया।

यों भगवान् के अस्थ्यवशेषों पर बने आठ स्तूप और एक तुम्बस्तूप तथा एक अङ्गारस्तूप– ये दश स्तूप (८+१+१=१०) पूर्वकाल में थे।

११६. चक्षुष्मान् (मार्गोपदेशक तथागत) के अस्थ्यवशेष आठ द्रोणों (इस माप के घड़ों) में भर कर रखे गये। इनमें सात द्रोणों की जम्बुद्वीप में पूजा होती है। और उस पुरुषोत्तम का एक द्रोण रामग्राम में नागराजा द्वारा पूजित होता है।

(भगवान् के उन्हीं अस्थ्यवशेषों में से) एक दाढा स्वर्ग में देवताओं द्वारा पूजित होती है, एक गान्धारपुर में, एक कलिङ्गराज के देश में तथा एक दाढा नागराज द्वारा पूजित होती है।

तस्सेव तेजेन अयं वसुन्धरा, आयागसेट्ठेहि मही अलङ्कता।
एवं इमं चक्खुमतो सरीरं, सुसक्कतं सक्कतसक्कतेहि॥
देविन्दनागिन्दनरिन्दपूजितो, मनुस्सिन्दसेट्ठेहि तथेव पूजितो। [R.168]
तं वन्दथ पञ्जलिका लभित्वा, बुद्धो हवे कप्पसतेहि दुल्लभो'' ति॥
चत्तालीस समा दन्ता, केसा लोमा च सब्बसो।
देवा हरिंसु एकेकं, चक्कवाळपरम्परा[१] ति॥

महापरिनिब्बानसुत्तं निट्ठितं ततियं॥

उन्हीं के तेज से यह धन-धान्य समलंकृत पृथ्वी अलंकृत है। इस तरह चक्षुष्मान् (=बुद्ध) का यह शरीर सत्कृतों से भी सत्कृत पुरुषों द्वारा भलीभाँति सत्कृत (पूजित=सम्मानित) हुआ।

वह तो देवेन्द्रों, नागेन्द्रों एवं नरेन्द्रों तथा समाज में प्रतिष्ठित पुरुषों द्वारा भी पूजित है। उस को सामने पाकर, उसे हाथ जोड़कर प्रणाम करो; क्योंकि बुद्ध का होना या मिलना सौ कल्प में भी दुर्लभ है।

उसके चालीस दाँत, केश, लोभ— सभी को एक-एक कर देवताओं ने ब्रह्माण्डों में सर्वत्र पहुँचा दिया॥

तृतीय महापरिनिर्वाणसूत्र समाप्त॥

---

१. ये पाँचों गाथाएँ त्रिपिटिक-संग्रह के बाद ताम्रपर्णी द्वीप वासी महास्थविरों ने यहाँ प्रक्षिप्त की हैं— ऐसा अट्ठकथाकार आचार्य बुद्धघोष का मन्तव्य है। —सं०।

४. महासुदस्सनसुत्तं

[N.130, B.139, R.169] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा कुसिनारायं विहरति उपवत्तने मल्लानं सालवने अन्तरेन यमकसालानं परिनिब्बानसमये। अथ खो आयस्मा आनन्दो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच–"मा, भन्ते, भगवा इमस्मिं खुद्दकनगरके उज्जङ्गलनगरके साखानगरे परिनिब्बायि। सन्ति, भन्ते, अञ्ञानि महानगरानि, सेय्यथिदं– चम्पा, राजगहं, सावत्थि, साकेतं, कोसम्बी, बाराणसी। एत्थ भगवा परिनिब्बायतु। एत्थ बहू खत्तियमहासाला ब्राह्मणमहासाला गहपतिमहासाला तथागते अभिप्पसन्ना। ते तथागतस्स सरीरपूजं करिस्सन्ती" ति।

"मा हेवं, आनन्द, अवच; मा हेवं, आनन्द, अवच–'खुद्दकनगरकं उज्जङ्गलनगरकं साखानगरकं' ति।

१. कुसावती राजधानी

२. "भूतपुब्बं, आनन्द, राजा महासुदस्सनो नाम अहोसि खत्तियो मुद्धावसित्तो चातुरन्तो [R.170] जनपदत्थावरियप्पत्तो। रञ्ञो, आनन्द, महासुदस्सनस्स अयं कुसिनारा कुसावती नाम राजधानी अहोसि, पुरत्थिमेन च पच्छिमेन च द्वादसयोजनानि आयामेन, उत्तरेन च दक्खिणेन च सत्तयोजनानि वित्थारेन। कुसावती, आनन्द, राजधानी इद्धा चेव अहोसि, फीता च बहुजना च आकिण्णमनुस्सा च सुभिक्खा च। सेय्यथापि, आनन्द, देवानं आळकमन्दा

---

४. महासुदर्शनसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) कुसीनारा के उपवत्तन मल्लों के शालवन में परिनिर्वाण के समय दो युगल शाल वृक्षों के बीच में लेटे हुए थे। तब आयुष्मान् आनन्द जहाँ भगवान् लेटे हुए थे वहाँ पहुँचे। पहुँच कर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से निवेदन किया– "भन्ते ! भगवान् इस क्षुद्र नगले में, जंगली नगले में, साधारण से दीखने वाले छोटे से नगले में परिनिर्वाण न लें। भन्ते! और भी बहुत से नगर हैं; जैसे– चम्पा, राजगृह, श्रावस्ती, साकेत, कौसाम्बी और वाराणसी। इन में से किसी भी नगर में भगवान् परिनिर्वाण स्वीकार करें। यहाँ बहुत से क्षत्रिय धनपति हैं, ब्राह्मण गृहपति हैं, गृहपति धनपति भी हैं, जो तथागत में श्रद्धा रखते हैं। वे तथागत के शरीर की पूजा तथा सत्कार करेंगे।"

भगवान् बोले– "आनन्द! ऐसा न कहो, ऐसा न बोलो कि यह (उपवत्तन मल्लों का शालवन) क्षुद्र, जंगली या साधारण सा दीखने वाला, (वह भी स्वतन्त्र नहीं) किसी दूसरे छोटे नगले से जुड़ा हुआ नगला है।"

१. कुशावती राजधानी

२. "आनन्द! पहले कभी महासुदर्शन नामक मूर्धाभिषिक्त क्षत्रिय राजा था, जिसने समुद्रपर्यन्त पृथ्वी को जीतकर सभी नगरों एवं जनपदों में दृढ़ शासन से स्थिरता प्रदान की थी। आनन्द! उस राजा महासुदर्शन की यह (कुसीनारा) कुशावती राजधानी थी। जो कि पूर्व–पश्चिम की दिशाओं में आयाम (लम्बाई) में बारह योजन एवं उत्तर–दक्षिण दिशा में विस्तार (चौड़ाई) में सात योजन थी। आनन्द! यह

नाम राजधानी इद्धा चेव होति फीता च बहुजना आकिण्णयक्खा च सुभिक्खा च; एवमेव खो, आनन्द, कुसावती राजधानी इद्धा चेव अहोसि फीता च बहुजना च आकिण्णमनुस्सा च सुभिक्खा च। कुसावती, आनन्द, राजधानी दसहि सद्देहि अविवित्ता अहोसि [N.131, B.140] दिवा चेव रत्तिं च, सेय्यथिदं— हत्थिसद्देन अस्ससद्देन रथसद्देन भेरिसद्देन मुदिङ्गसद्देन वीणासद्देन गीतसद्देन सम्मसद्देन पाणिताळसद्देन सङ्खसद्देन अस्नाथ पिवथ खादथा ति दसमेन सद्देन।

"कुसावती, आनन्द, राजधानी सत्तहि पाकारेहि परिक्खित्ता अहोसि—एको पाकारो सोवण्णमयो, एको रूपियमयो, एको वेळुरियमयो, एको फलिकमयो, एको लोहितङ्कमयो, एको मसारगल्लमयो, एको सब्बरतनमयो। कुसावतिया, आनन्द, राजधानिया चतुन्नं वण्णानं द्वारानि अहेसुं—एकं द्वारं सोवण्णमयं, एकं रूपियमयं, एकं वेळुरियमयं, एकं [R.171] फलिकमयं। एकेकस्मिं द्वारे सत्त एसिका निखाता अहेसुं तिपोरिसङ्गा तिपोरिसनिखाता द्वादसपोरिसा उब्बेधेन—एका एसिका सोवण्णमया, एका रूपियमया, एका वेळुरियमया, एका फलिकमया, एका लोहितङ्कमया, एका मसारगल्लमया, एका सब्बरतनमया।

"कुसावती, आनन्द, राजधानी सत्तहि तालपन्तीहि परिक्खित्ता अहोसि—एका तालपन्ति सोवण्णमया, एका रूपियमया, एका वेळुरियमया, एका फलिकमया, एका लोहितङ्कमया, एका मसारगल्लमया, एका सब्बरतनमया। सोवण्णमयस्स तालस्स सोवण्णमयो खन्धो अहोसि, रूपियमयानि पत्तानि च फलानि च। रूपियमयस्स तालस्स रूपियमयो खन्धो अहोसि,

---

कुशावती राजधानी सब तरह से समृद्ध, उन्नत, अच्छी तरह बसी हुई, जनाकीर्ण एवं सुभिक्षसम्पन्न थी। आनन्द! जैसे देवों की राजधानी सर्वथा समृद्ध, उन्नत.... है, उसी तरह कुशावती भी सर्वतः समृद्ध....सुभिक्षसम्पन्न थी। आनन्द! कुशावती राजधानी में ये दस शब्द दिन-रात निरन्तर सुनायी देते रहते थे; जैसे— हाथियों की चिंघाड़, घोड़ों की हिनहिनाहट, रथों की किङ्किणीक का बजते रहना, भेरी, मृदङ्ग, वीणा, गीत, लयबद्ध हाथों की तालियों, शङ्खों के शब्द एवं 'स्नान करो, खाओ, पीओ'— आदि सम्मान व स्वागत-सूचक शब्द।

"आनन्द! कुशावती नगरी सात प्राकारों (ऊँची दीवारों) से घिरी हुई थी; जिन में पहला सुवर्ण, दूसरा रजत, तीसरा वैदूर्यमणि, चौथा स्फटिक, पाँचवाँ पद्मराग (=लोहितङ्क), छठा मसारगल्ल (मणिरत्न के समान ही मँहगा पत्थर) तथा सातवाँ सभी रत्नों से मिश्रित बना था। आनन्द! कुसावती राजधानी के चार वर्णों के द्वार थे; जिनमें एक सुवर्ण से, एक रजत से, एक वैदूर्यमणि से तथा एक स्फटिक से निर्मित था। प्रत्येक द्वार में सात खम्भे (एसिका) गड़े हुए थे, जो तीन पोरसा (एक पोरसा=पाँच हाथ) खड़े, तीन पोसरा गड़े हुए सब मिलाकर एक एक बारह पोरसा लम्बे थे। उनमें एक खम्भा सोने का, एक चान्दी का, एक वैदूर्य का, एक स्फटिक का, एक पद्मराग का, एक मसारगल्ल का तथा एक सर्वरत्नमिश्रित था।

"आनन्द! वह कुशावती राजधानी सात ताड़पंक्तियों से घिरी हुई थी— जिन में एक ताड़पंक्ति सोने की, दूसरी चान्दी की, तीसरी वैदूर्यमणि की, चौथी स्फटिक की, पाँचवीं पद्मराग की, छठीं मसारगल्ल की एवं सातवीं सर्वरत्नमिश्रित थी। (१) सुवर्णनिर्मित ताड़वृक्ष का स्कन्ध सोने का था तो उसके पत्ते और फल चान्दी के थे। (२) रजतनिर्मित ताड़ वृक्ष का स्कन्ध रजत का था तो उसके पत्ते और फल सोने के बने थे। (३) वैदूर्यनिर्मित ताड़ का स्कन्ध वैदूर्य मणि से बना था तो उसके पत्ते और फल स्फटिक के थे। (४) स्फटिकनिर्मित ताड़वृक्ष का स्कन्ध स्फटिकमणि से बना था और उसके पत्ते और फल वैदूर्यमणि के बने थे। (५) पद्मराग मणि से निर्मित ताड़वृक्ष का स्कन्ध यदि पद्मरागमणि का था तो उसके पत्ते और

सोवण्णमयानि पत्तानि च फलानि च। वेळुरियमयस्स तालस्स वेळुरियमयो खन्धो अहोसि, फलिकमयानि पत्तानि च फलानि च। फलिकमयस्स तालस्स फलिकमयो खन्धो अहोसि, वेळुरियमयानि पत्तानि च फलानि च। लोहितङ्कमयस्स तालस्स लोहितङ्कमयो खन्धो अहोसि, मसारगल्लमयानि पत्तानि च फलानि च। मसारगल्लमयस्स तालस्स मसारगल्लमयो खन्धो अहोसि, लोहितङ्कमयानि पत्तानि च फलानि च। सब्बरतनमयस्स तालस्स सब्बरतनमयो खन्धो अहोसि, सब्बरतनमयानि पत्तानि च फलानि च। तासं खो पनान्द, तालपन्तीनं वातेरितानं सद्दो अहोसि वग्गु च रजनीयो च कमनीयो च मदनीयो च। सेय्यथापि, आनन्द, पञ्चङ्गिकस्स तूरियस्स सुरियस्स सुविनीतस्स सुप्पटिताळितस्स सुकुसलेहि समन्नाहतस्स सद्दो होति वग्गु च रजनीयो च खमनीयो च मदनीयो च; एवमेव खो, आनन्द, तासं तालपन्तीनं वातेरितानं सद्दो अहोसि [B.141, .R.172] वग्गु च रजनीयो च खमनीयो च मदनीयो च। ये खो पनानन्द, तेन [N.132] समयेन कुसावतिया राजधानिया धुत्ता अहेसुं सोण्डा पिपासा, ते तासं तालपन्तीनं वातेरितानं सद्देन परिचारेसुं।

२. चक्करतनं

३. "राजा, आनन्द, महासुदस्सनो सत्तहि रतनेहि समन्नागतो अहोसि चतूहि च इद्धीहि। कतमेहि सत्तहि? इधानन्द, रञ्ञो महासुदस्सनस्स तदहुपोसथे पन्नरसे सीसंन्हातस्स उपोसथिकस्स उपरिपासादवरगतस्स दिब्बं चक्करतनं पातुरहोसि सहस्सारं सनेमिकं सनाभिकं सब्बाकारपरिपूरं। दिस्वा रञ्ञो महासुदस्सनस्स एतदहोसि—'सुतं खो पनेतं—यस्स रञ्ञो खत्तियस्स मुद्धावसित्तस्स तदहुपोसथे पन्नरसे सीसंन्हातस्स उपोसथिकस्स उपरिपासादवरगतस्स दिब्बं चक्करतनं पातुभवति सहस्सारं सनेमिकं सनाभिकं सब्बाकारपरिपूरं, सो होति राजा चक्कवत्ती ति। अस्सं नु खो अहं राजा चक्कवत्ती' ति?

फल मसारगल्ल से निर्मित थे। (६) मसारगल्ल से बने ताड़ वृक्ष का स्कन्ध यदि मसारगल्ल से बना था तो उसके पत्ते और फल पद्मरागमणि के बने थे। (७) सभी रत्नों के मिश्रण से निर्मित ताड़वृक्ष यदि सर्वरत्नों के मिश्रण से बना था तो उसके पत्ते और फल भी सभी रत्नों के मिश्रण से ही बने थे। आनन्द! उस ताड़पंक्ति के वायु द्वारा कम्पित होने पर उनसे निकलने वाला शब्द अत्यधिक सुन्दर, प्रसन्नतादायक, प्रिय एवं मदनीय (मोहक) होता था। आनन्द! जैसे कोई वाद्य-विद्या में दक्ष पुरुष जब अच्छी तरह सजे हुए और ताल-सुर से मिलाये गये पाँच अङ्गों से युक्त वाद्य को बजाते हैं, तब उससे जो सुन्दर प्रसन्नतादायक, प्रिय एवं मोहक स्वर निकलता है, वैसे ही सुनने में सुमधुर शब्द उन ताड़पंक्तियों से भी निकल रहे थे। आनन्द! औरों की तो बात ही क्या! उस समय उस कुशावती राजधानी में जो गुण्डे, जुआरी या शराबी घूमते थे (जिन की साधारणतः वाद्यसङ्गीत सुनने में कोई रुचि नहीं होती) वे भी उन हवा से हिलती ताड़पंक्तियों से निकली मधुर ध्वनि के प्रभाव से नाचते-गाते, खेलते रहते थे।

२. चक्ररत्न

३." आनन्द! राजा महासुदर्शन के पास सातों रत्न एवं चारों ऋद्धियाँ थी। कौन से सात (रत्न)? यहाँ, आनन्द! राजा महासुदर्शन उपोसथ-पूर्णिमा की एक रात्रि को उपोसथ व्रत रखने का संकल्प कर जब अपने प्रासाद के सब से ऊपर के तल पर था तो उस के सामने सहस्रों अरों (दाँतों) वाला नाभि नेमि से युक्त तथा सर्वाकारपरिपूर्ण एक दिव्य चक्ररत्न प्रकट हुआ। उसे देखकर राजा के मन में ऐसा विचार

४. "अथ खो, आनन्द, राजा महासुदस्सनो उट्ठायासना एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा, वामेन हत्थेन सुवण्णभिङ्कारं गहेत्वा, दक्खिणेन हत्थेन चक्करतनं अब्भुक्किरि—'पवत्ततु भवं चक्करतनं, अभिविजिनातु भवं चक्करतनं' ति। अथ खो तं, आनन्द, चक्करतनं पुरत्थिमं [R.173] दिसं पवत्ति, अन्वदेव राजा महासुदस्सनो सद्धिं चतुरङ्गिनिया सेनाय। यस्मिं खो पनानन्द, पदेसे चक्करतनं पतिट्ठासि तत्थ राजा महासुदस्सनो वासं उपगच्छि सद्धिं चतुरङ्गिनिया सेनाय। ये खो पनानन्द, पुरत्थिमाय दिसाय पटिराजानो ते राजानं महासुदस्सनं उपसङ्कमित्वा एवमाहंसु—'एहि खो, महाराज; स्वागतं ते, महाराज; सकं ते, महाराज; अनुसास, महाराजा' ति। राजा महासुदस्सनो एवमाह—'पाणो न हन्तब्बो, अदिन्नं न आदातब्बं, कामेसु मिच्छा न [B.142] चरितब्बा, मुसा न भणितब्बा, मज्जं न पातब्बं। यथाभुत्तं च भुञ्जथा' ति। ये खो पनानन्द, पुरत्थिमाय दिसाय पटिराजानो ते रञ्ञो महासुदस्सनस्स अनुयन्ता अहेसुं। अथ खो तं, आनन्द, चक्करतनं पुरत्थिमं समुद्दं अज्झोगाहेत्वा पच्चुत्तरित्वा दक्खिणं दिसं पवत्ति....पे०.... दक्खिणं समुद्दं अज्झोगाहेत्वा पच्चुत्तरित्वा पच्छिमं दिसं पवत्ति....पे०....पच्छिमं समुद्दं अज्झोगाहेत्वा पच्चुत्तरित्वा उत्तरं दिसं पवत्ति, अन्वदेव राजा महासुदस्सनो सद्धिं [N.133] चतुरङ्गिनिया सेनाय। यस्मिं खो पनानन्द, पदेसे चक्कतनं पतिट्ठासि तत्थ राजा महासुदस्सनो वासं उपगच्छि सद्धिं चतुरङ्गिनिया सेनाय। ये खो पनानन्द, उत्तराय दिसाय पटिराजानो ते राजानं महासुदस्सनं उपसङ्कमित्वा एवमाहंसु—'एहि खो, महाराज; स्वागतं ते, महाराज; सकं ते, महाराज; अनुसास, महाराजा' ति। राजा महासुदस्सनो एवमाह—'पाणो न [R.174] हन्तब्बो, अदिन्नं न आदातब्बं, कामेसु मिच्छा न चरितब्बा, मुसा न भणितब्बा, मज्जं न पातब्बं। यथाभुत्तं च भुञ्जथा' ति। ये खो पनानन्द, उत्तराय दिसाय पटिराजानो ते रञ्ञो महासुदस्सनस्स अनुयन्ता अहेसुं।

हुआ– "ऐसा सुना है कि जिस मूर्धाभिषिक्त क्षत्रिय– जिसने शीर्षस्नान कर पूर्णिमा की रात्रि में उपोसथ व्रत का सङ्कल्प ले रखा हो, के सम्मुख सहस्र अरों वाला दिव्य चक्ररत्न प्रादूर्भूत होता है, वह चक्रवर्ती राजा होता है। क्या मैं भी चक्रवर्ती राजा होऊँगा?"

४. "आनन्द! तब वह महासुदर्शन राजा, आसन से उठ कर, चादर को एक कन्धे पर कर, बाँये हाथ में सोने की झारी लेकर, दाहिने हाथ से उस चक्ररत्न का अभिषेक करने लगा– "हे चक्ररत्न! आपका आगमन शुभ हो, आपकी विजय हो। तब आनन्द! वह चक्ररत्न पूर्व दिशा की तरफ चल पड़ा। राजा महासुदर्शन भी अपनी चतुरङ्गिणी सेना के साथ उस के पीछे–पीछे चल पड़ा। आनन्द! जिस प्रदेश में वह चक्ररत्न ठहरता वहीं राजा भी अपनी सेना के साथ पड़ाव डाल देता। आनन्द! जो पूर्व दिशा के राजा थे वे राजा महासुदर्शन के पास आये, और बोले– 'महाराज! आपका स्वागत है। हम सब आपके अधीन हैं। महाराज! आप आज्ञा करें'। 'राजा महासुदर्शन ने यह कहा– 'आप लोगों को जीव–हत्या नहीं करनी चाहिये, दूसरे का न दिया हुआ नहीं लेना चाहिये, कामभोगों की आसक्ति में पड़कर मिथ्याचार नहीं करना चाहिये, मिथ्याभाषण नहीं करना चाहिये, मद्य नहीं पीना चाहिये तथा उचित भोगों का ही सेवन करना चाहिये'। आनन्द! इस प्रकार पूर्व दिशा का राजसमूह राजा महासुदर्शन का अनुवर्तक (अनुयन्ता=अधीन) हो गया। आनन्द! तब वह चक्ररत्न पूर्व दिशा के समुद्र में डुबकी लगाकर, वहाँ से निकल कर दक्षिण दिशा की तरफ चल पड़ा....पश्चिम दिशा की तरफ....उत्तर दिशा की तरफ चल पड़ा।

५. ''अथ खो तं, आनन्द, चक्करतनं समुद्दपरियन्तं पथविं अभिविजिनित्वा, कुसावतिं राजधानिं पच्चागन्त्वा, रञ्ञो महासुदस्सनस्स अन्तेपुरद्वारे अत्थकरणपमुखे अक्खाहतं मञ्ञे अट्ठासि, रञ्ञो महासुदस्सनस्स अन्तेपुरं उपसोभयमानं। रञ्ञो, आनन्द, महासुदस्सनस्स एवरूपं चक्करतनं पातुरहोसि।

३. हत्थिरतनं

६. ''पुन च परं, आनन्द, रञ्ञो महासुदस्सनस्स हत्थिरतनं पातुरहोसि सब्बसेतो सत्तप्पतिट्ठो इद्धिमा वेहासङ्गमो उपोसथो नाम नागराजा। तं दिस्वा रञ्ञो महासुदस्सनस्स चित्तं पसीदि—'भद्दकं वत भो हत्थियानं, सचे दमथं उपेय्या' ति। अथ खो तं, आनन्द, हत्थिरतनं—सेय्यथापि नाम भद्दो हत्थाजानियो दीघरत्तं सुपरिदन्तो एवमेव—दमथं उपगच्छि। भूतपुब्बं, आनन्द, राजा महासुदस्सनो तमेव हत्थिरतनं वीमंसमानो पुब्बण्हसमयं अभिरुहित्वा समुद्दपरियन्तं पथविं अनुयायित्वा, कुसावतिं राजधानिं पच्चागन्त्वा पातरासमकासि। रञ्ञो, आनन्द, महासुदस्सनस्स एवरूपं हत्थिरतनं पातुरहोसि।

४. अस्सरतनं

[B.143] ७. ''पुन च परं, आनन्द, रञ्ञो महासुदस्सनस्स अस्सरतनं पातुरहोसि सब्बसेतो काळसीसो मुञ्जकेसो इद्धिमा वेहासङ्गमो वलाहको नाम अस्सराजा। तं दिस्वा रञ्ञो महा-
[R.175] सुदस्सनस्स चित्तं पसीदि—'भद्दकं वत भो अस्सयानं, सचे दमथं उपेय्या' ति। अथ खो तं, आनन्द, अस्सरतनं—सेय्यथापि नाम भद्दो अस्साजानियो दीघरत्तं सुपरिदन्तो

पीछे–पीछे राजा महासुदर्शन की चतुरङ्गिणी सेना थी। आनन्द! पृथ्वी के जिस भूभाग में वह चक्ररत्न ठहरा, वहीं राजा ने भी अपनी सेना के साथ पड़ाव डाला। ....वहाँ के राजा अनुवर्तक हुए।

५. ''आनन्द! तब वह चक्ररत्न समुद्रपर्यन्त पृथ्वी को जीतकर, कुशावती राजधानी में लौटकर, राजा महासुदर्शन के अन्तःपुर के द्वार के पास न्यायालय के आंगण में स्थिर (कीले में ठोका हुआ) सा कठोर हो गया। उससे राजा का अन्तःपुर अत्यधिक शोभायमान हुआ। इस प्रकार आनन्द! राजा महासुदर्शन को ऐसा चक्ररत्न प्रादुर्भूत हुआ। (१)

३. हस्तिरत्न

